मेट्रो Rays
आगे रखने का वादा
सांध्य दैनिक

रांची, मंगलवार, 6 अगस्त 2024

संवत 2081, श्रावण शुक्लपक्ष द्वितीया मूल्य-2 रुपये

वर्ष-7, अंक 325, पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028





4 सोशल मीडिया पर स्क्रॉल होती युवाओं की जिंदगी

केबीसी 16: हॉटसीट पर पहुंची दिपाली ने अमिताभ बच्चन को किया परेशान, रखी ये फरमाइश, बिग बी बोले... 6


# लगातार आदेश के बाद भी नहीं सुधर रही ट्रैफिक व्यवस्था, बनाएं लॉन्ग टर्म प्लान: हाई कोर्ट




मेट्रो रेज

**रांची:** झारखंड हाई कोर्ट ने ट्रैफिक एसपी पर नाराजगी जताते हुए मौखिक कहा कि कोर्ट के कई आदेशों के बावजूद राजधानी रांची में ट्रैफिक व्यवस्था में कोई सुधार नहीं दिख रहा है। ट्रैफिक व्यवस्था के लिए लॉन्ग टर्म प्लान बनाने की जरूरत है। सात वर्षों से यह जनहित याचिका चल रही है लेकिन रांची में जाम की समस्या का समाधान नहीं निकल पाया है। कोर्ट ने अवैध ढंग से चल रहे ई-रिक्शा और ऑटो रिक्शा के खिलाफ लगातार अभियान चलाने का निर्देश दिया।

सुनवाई के दौरान ट्रैफिक एसपी कोर्ट में सशरीर उपस्थित थे। कोर्ट ने उनसे सड़क के विभिन्न चौक चौराहों पर ट्रैफिक पोस्ट एवं उसमें वॉशरूम की व्यवस्था के संबंध में जानना चाहा। झारखंड हाई कोर्ट में रांची में ट्रैफिक की व्यवस्था सुगम बनाने को लेकर दाखिल जनहित याचिका पर मंगलवार को सुनवाई हुई। इस पर ट्रैफिक एसपी की ओर से कोर्ट को बताया गया कि रांची में 60 ट्रैफिक बूथ एवं 50 ट्रैफिक पोस्ट चिह्नित किया गया है। रांची नगर निगम की ओर से बताया गया कि ट्रैफिक बूथ और पोस्ट के निकट मॉड्यूलर वॉशरूम की व्यवस्था कर दी जाएगी।

**कोर्ट ने ट्रैफिक एसपी से मौखिक कहा कि रांची में ऑटो रिक्शा एवं ई-रिक्शा चालकों का ड्रेस कोड लगातार मेंटेन रहे यह सुनिश्चित करें। ट्रैफिक व्यवस्था सुगम बनी रहे इसके लिए लगातार स्पेशल अभियान चलाएं। यह भी देखें की ऑटो या ई रिक्शा चालक अपने वाहन में निर्धारित संख्या से ज्यादा यात्री किसी भी स्थिति में ना बैठाएं। राजधानी रांची में ट्रैफिक में सुधार जमीनी स्तर पर दिखना चाहिए।**

कोर्ट ने ट्रैफिक एसपी से मौखिक कहा कि रांची में ऑटो रिक्शा एवं ई-रिक्शा चालकों का ड्रेस कोड लगातार मेंटेन रहे यह सुनिश्चित करें। ट्रैफिक व्यवस्था सुगम बनी रहे इसके लिए लगातार स्पेशल अभियान चलाएं। यह भी देखें की ऑटो या ई रिक्शा चालक अपने वाहन में निर्धारित संख्या से ज्यादा यात्री किसी भी स्थिति में ना बैठाएं। राजधानी रांची में ट्रैफिक में सुधार जमीनी स्तर पर दिखना चाहिए। वीआईपी मूवमेंट के समय तो ट्रैफिक व्यवस्था ठीक रहती है लेकिन आम लोगों का रांची के सड़कों पर चलना काफी कष्टकारी होता है। प्रतिदिन उन्हें जाम की समस्या से निपटना पड़ता है। कोर्ट ने राज्य सरकार को ट्रैफिक सुधार के लिए किए गए उपायों की जानकारी शपथ पत्र के माध्यम से देने का निर्देश देते हुए मामले की अगली सुनवाई 21 अगस्त निर्धारित किया।

# खेत पर जा रहे पिता-पुत्र की करंट लगने से मौत

**पलामू:** जिले के पांकी थाना क्षेत्र के हुरलौंग गांव में मंगलवार सुबह दर्दनाक घटना हुई। खेत देखने जाने के क्रम में बिजली करंट के प्रवाहित तार की चपेट में आने से पिता- पुत्र की मौत हो गई। मृतकों में हुरलौंग गांव के निवासी नागेंद्र चंद्रवंशी (55) और उनके पुत्र अश्विन वर्मा उर्फ पिंटू चंद्रवंशी (30) शामिल हैं। अश्विन वर्मा उर्फ पिंटू चंद्रवंशी रोजगार सेवक बताए गए हैं। जिले के पिपरा की हरैया पंचायत में कार्यरत थे।

बताया जाता है कि मंगलवार की सुबह दोनों पिता पुत्र अपना खेत देखने जा रहे थे। इसी दौरान, बिजली तार की चपेट में आकर दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए।



परिजन और स्थानीय ग्रामीण तुरंत उन्हें पांकी के हुरलौंग स्वास्थ्य केंद्र में लेकर गए, जहां स्वास्थ्य केंद्र बंद मिला। बाद में उन्हें इलाज मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत पाया। चर्चा है कि घटनास्थल पर ही पिता की मौत हो गई थी, जबकि पुत्र की इलाज के लिए लाने के दौरान मौत हुई। परिजन वीरेंद्र चंद्रवंशी ने आरोप लगाया कि बिजली विभाग की लापरवाही के कारण यह दुर्घटना हुई है। बिजली का तार टूट कर गिरा हुआ था। पहले पिता को करंट लगा। बचाने के दौरान पुत्र भी चपेट में आ गया। दोनों का हाथ और सीने का हिस्सा जला है। सूचना देने के लिए जब बिजली विभाग के कर्मियों को फोन लगाया गया तो उनका मोबाइल स्विच ऑफ था। सहायक अभियंता फोन नहीं उठाए। काफी मशक्कत के बाद करीब आधे घंटे बाद बिजली काटी गई। हालांकि गांव में चर्चा है कि पिता पुत्र खेत में पटवन कर रहे थे। इसी क्रम में पहले पिता को करंट लगा और फिर पिता को बचाने के क्रम में पुत्र भी इसकी चपेट में आ गया।

## दंगाइयों ने इस्कॉन मंदिर को किया आग के हवाले, हिंदुओं पर किये जा रहे हमले

**ढाका:** बांग्लादेश में हिंसा और आगजनी की घटनाएं बढ़ गयी हैं। दंगाई अल्पसंख्यक हिंदुओं पर हमला कर रहे हैं। उपद्रवियों की भीड़ चुन-चुनकर हिंदुओं के घरों में आग लगा रही है। दुकानें लूटी जा रही हैं। दंगाइयों ने तोड़फोड़ करने के बाद बांग्लादेश के मेहरपुर इस्कॉन मंदिर को आग के हवाले कर दिया है।

27 जिलों में हिंदुओं के घरों और दुकानों को लूटा गया : बांग्लादेशी मीडिया द डेली स्टार की रिपोर्ट के अनुसार 27 जिलों में हिंदुओं के घरों और दुकानों को लूटा गया है। मंदिरों पर भी हमले हो हैं। रिपोर्ट के अनुसार दंगाइयों ने लालमोनिरहाट सदर उपजिले में धार्मिक कार्यों से जुड़े पूजा समिति के सचिव प्रदीप चंद्र रॉय के घर में घुस कर तोड़फोड़ और लूटपाट की। हमलों की वजह से हिंदू डर के साये में रह रहे हैं: मीडिया के अनुसार पंचगढ़ में कई हिंदुओं के घरों में तोड़फोड़ और लूटपाट हुई है। हिंदुओं को घरों से निकालकर मारपीट की जा रही है। हमलों की वजह से हिंदू डर के साये में रह रहे हैं। बताया जा रहा है कि दिनाजपुर कस्बे और दूसरे उपजिलों में 10 हिंदुओं के घरों पर हमला हुआ है। कस्बे के रेलबाजारहाट में एक मंदिर में भी तोड़फोड़ की खबर हैय ओइक्या परिषद के महासचिव मोनिंद्र कुमार नाथ का कहना है कि बांग्लादेश के हर जिले में हिंदुओं पर हमले हो रहे हैं।

## हाई कोर्ट ने जयप्रकाश पटेल की विधानसभा सदस्यता रद्द करने मामले में विपक्ष के नेता से मांगा जवाब

**रांची:** झारखंड हाई कोर्ट में दलबदल के मामले में जयप्रकाश भाई पटेल की विधानसभा सदस्यता खत्म करने के झारखंड विधानसभा अध्यक्ष के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका की सुनवाई हुई। मामले में कोर्ट ने विपक्ष के नेता अमर कुमार बाउरी को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। कोर्ट ने मंगलवार को सुनवाई करते हुए झारखंड विधानसभा अध्यक्ष को मामले में जवाब दाखिल करने का निर्देश देते हुए जयप्रकाश भाई पटेल की सदस्यता रद्द करने संबंधी फाइल एवं प्रोसीडिंग्स का दस्तावेज मांगा है। इससे पहले याचिकाकर्ता की ओर से कोर्ट को बताया गया कि उन्हें बिना सुने हुए और बिना अवसर प्रदान किए हुए झारखंड विधानसभा अध्यक्ष ने उनकी सदस्यता रद्द कर दी है जबकि विधानसभा अध्यक्ष के पास अन्य सदस्यों की विधानसभा सदस्यता रद्द करने संबंधी कई मामले अभी लंबित है। कोर्ट ने मामले की सुनवाई 28 अगस्त निर्धारित की है। विधानसभा अध्यक्ष रबींद्र नाथ महतो के न्यायाधिकरण ने जयप्रकाश भाई पटेल के खिलाफ इस संबंध में दायर शिकायत पर संविधान की 10वीं अनुसूची के तहत सुनवाई के बाद उनकी विधानसभा सदस्य को रद्द करने का फैसला सुनाया था। यह फैसला 26 जुलाई से प्रभावी माना जाएगा। मांडू विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले भाजपा के जयप्रकाश भाई पटेल लोकसभा चुनाव के ठीक पहले कांग्रेस में शामिल हुए थे और उसके टिकट पर हजारीबाग सीट से चुनाव मैदान में उतरे थे लेकिन चुनाव हार गए थे।

## हजारीबाग के पवन पुत्रा स्टील फैक्टरी में चिमनी ब्लास्ट, कई मजदूर झुलसे



**हजारीबाग:** बरही में रियाड़ा औद्योगिक प्रक्षेत्र में लगे फैक्टरी (पवन पुत्रा स्टील एंड एलाऊज) में चिमनी ब्लास्ट की घटना घटी। घटना मंगलवार 11 बजे की है।इसमें काम करने वाले कई मजदूरों के झुलस जाने की खबर है। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को आरोग्यम अस्पताल पहुंचाया गया। कितने मजदुर हताहत हुए हैं अभी पुष्टि नहीं हो पाई है। घटनास्थल पर पहुंचे झारखंड सरकार के स्वास्थ्य विभाग मंत्री बन्ना गुप्ता और बरही विधायक सह निवेदन समिति सभापति उमाशंकर अकेला, अनुमंडल पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी से घटना के संदर्भ में यथास्थिति का लिया जायजा और निर्देश देते हुए कहा कि घटना में जो भी दोषी हैं उन पर कार्रवाई की जाए।




न्यूज ब्रीफ

## मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से केंद्रीय सरना समिति के प्रतिनिधिमंडल ने की मुलाकात



**रांचीः** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से सोमवार को झारखंड मंत्रालय में केंद्रीय सरना समिति के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने मुख्यमंत्री को एक ज्ञापन भी सौंपा। मौके पर प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि आगामी दिनांक 09 अगस्त 2024 को अन्तरराष्ट्रीय विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर झारखण्ड की राजधानी रांची के विभिन्न क्षेत्र में जनजातीय सामाजिक तथा धार्मिक संगठन की ओर से पूर्व वर्ष की भांति हर्षोल्लास के साथ मैत्रीपूर्ण समन्वय मनाया जाएगा। इस अवसर पर समाज के भीतर सभी के हक-अधिकार एवं स्वतंत्रता को सम्मान के साथ बढ़ावा देना, गरीबी उन्मूलन, शिक्षा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में विकास का संदेश देने का काम जनजातीय समूहों के द्वारा किया जायेगा। मौके पर मुख्यमंत्री से प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने विश्व आदिवासी दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मूलभूत सुविधा मुहैया कराने एवं राजधानी रांची के हृदय स्थल अल्बर्ट एक्का चौक में मंच निर्माण कराए जाने का आग्रह किया है। मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल सदस्यों को राज्य सरकार की ओर से हर संभव सहयोग दिए जाने का भरोसा दिया है। इस अवसर पर केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष अजय तिर्की सहित प्रकाश हंस, रूपचंद केवट, गैना कच्छप, मुन्ना उरांव, कैलाश तिर्की, अशोक लोहरा, विजय कच्छप, सुभानी तिग्गा, सुचिता बाड़ा, विनीता तिग्गा, राहुल उरांव उपस्थित थे।

## ई-रिक्शा चोरी करने के तीन आरोपी गिरफ्तार



**रांचीः** पुलिस ने सोमवार को ई-रिक्शा चोरी करने वाले तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। चुटिया थाना क्षेत्र में ई रिक्शा लूट की वारदात का खुलासा रांची पुलिस ने किया है। गिरफ्तार आरोपितों में प्रकाश रंजन और किशन कुणाल बिहार के रहने वाले हैं जबकि रितेश कुमार गोड्डा का रहने वाला है। गिरफ्तार अपराधियों से हुई अबतक की पूछताछ में इस बात की जानकारी मिली है कि लूट या चोरी के बाद ये वाहनों को कटवाकर बेच दिया करते थे। फिलहाल पुलिस इन्हें रिमांड पर लेकर पुछताछ करेगी और चोरी की अन्य वारदातों का पता लगाने का प्रयास करेगी।

## झारखंड केन्द्रीय विश्वविद्यालय में कोरिया से आए इंजीनियर सीख रहे हिंदी



**रांचीः** झारखंड केन्द्रीय विश्वविद्यालय में सोमवार से पांच दिवसीय अंतरर्राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन प्रारंभ हुआ। इस कार्यशाला में कोरियाई कंपनी सैमसंग के 13 इंजीनियर कोरिया से प्रतिभागी के रूप में शामिल हुए हैं। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य उन्हें हिंदी सीखना है, जिससे वे भारत तथा झारखण्ड के संस्कृतियों को जान समझ सकें। कार्यशाला की शुरूआत में विदेशी मेहमानों का आदिवासी परंपरा के अनुरूप स्वागत किया गया। कार्यक्रम में अपने उद्बोधन में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. केबी दास ने हर्ष जताते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से विदेशों में हिंदी तथा भारतीय संस्कृति का सकारात्मक विस्तार होगा। साथ ही हमारे विद्यार्थियों के लिए रोजगार के नए अवसर भी आयेंगे। भारतीय संस्कृति को जानने के लिए प्रतिभागियों द्वारा झारखण्ड के विभिन्न स्थानों पर भ्रमण भी किया जायेगा। इस दौरान टेंडम कक्षाओं का आयोजन भी किया जायेगा, जिसके माध्यम से भारतीय छात्र कोरियाई संस्कृति तथा कोरियाई छात्र भारतीय संस्कृति से परिचित हो सकेंगे।

## गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और सफलता के लिए वातावरण बनाना महत्वपूर्ण हैः सुदेश महतो

**रांचीः**सिल्ली विधानसभा के सोनाहातू प्रखंड में सोमवार को मेधा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। सिल्ली के विधायक सुदेश कुमार महतो ने मैट्रिक और प्लस टू में सफल होने वाले तथा इन परीक्षाओं में विशिष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया। सफल विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और सफलता हाससिल करने के लिए पूरे क्षेत्र में सकारात्मक वातावरण तैयार किया जा रहा है। इसमें मेधावी छात्रों की भूमिका भी अहम है। वे अपनों जूनियर और खासकर सुदूर गांवों के बच्चों के लिए प्रेरणा स्त्रोत बन सकते हैं। महतो ने कहा कि कस्तूरबा विद्यालय में पढ़ने वाली बेटियों ने मिथक तोड़े हैं। इस विद्यालय में वैसे बच्चियों का दाखिला होता है, जो ड्रॉप आउट, कमजोर परिवार या किन्हीं मुश्किलों में रही हैं लेकिन हमें खुशी है कि कस्तूरबा में पढ़ने वाली बेटियां मेहनत और लगन से आगे बढ़ती जा रही हैं। उन्होंने कहा कि मैट्रिक या प्लस टू करने के बाद आप सभी छात्र-छात्राओं को एक लक्ष्य तय करने की जरूरत है। अब शिक्षा के साथ तकनीकी ज्ञान, कौशल भी जरूरी है। आपकी यह उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए एक प्रेरणा का स्त्रोत है, जिससे वे भी प्रेरित होकर अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए उत्साहित होंगे। उन्होंने कहा कि स्कूलों में स्मार्ट क्लासेज, कॉलेज आने-जाने के लिए स्टूडेंट्स बस, लाइब्रेरी जैसी सुविधाएं मुहैया कराने का मकसद ही है कि इस इलाके के बच्चे शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ सकें। महतो ने इस बात पर जोर दिया कि गांवों में जब शिक्षा का वातावरण बनेगा, तो तस्वीर भी बदलेगी। पढ़ेगा सिल्ली विधानसभा, बढ़ेगा सिल्ली विधानसभा अभियान का उद्देश्य क्षेत्र के सभी बच्चों को उच्च गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के साथ विद्यार्थियों के मनोबल को बढ़ाना भी है। हमारी तैयारी इस अभियान को और व्यापक बनाने की है।

# राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए उठाए जा रहे समुचित कदम : हेमन्त सोरेन

### मुख्यमंत्री ने चिकित्सकों और पारा मेडिकल कर्मियों की दैनिक उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए उपस्थिति पोर्टल किया लॉन्च

मेट्रो रेज



**रांचीः** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग की ओर से स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत कार्यरत सभी चिकित्सकों, पारा कर्मी, संविदा पर कार्यरत कर्मी तथा अन्य कर्मियों की दैनिक उपस्थिति सुनिश्चित करने करने के लिए उपस्थिति पोर्टल का सोमवार को शुभारंभ किया। इस पोर्टल के जरिए स्वास्थ्य विभाग के कर्मियों द्वारा दर्ज की जा रही बायोमेट्रिक उपस्थिति का क्रॉस वेरिफिकेशन किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने पोर्टल का शुभारंभ करते हुए कहा कि राज्य की स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने तथा झारखंड राज्य के सभी व्यक्तियों को स्वास्थ्य संबंधी सुलभ और बेहतर सुविधा प्रदान करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है।

**सभी श्रेणी के अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्र को मजबूत करने की हो रही पहल :** मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्यवासियों को सरकारी अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्र में बेहतर चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध कराने के लिए सरकार लगातार प्रयास कर रही है। इस सिलसिले में स्वास्थ्य उप केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, कम्युनिटी हेल्थ सेंटर, अनुमंडलीय अस्पताल, जिला अस्पताल और मेडिकल कॉलेज एवं अस्पतालों को रखरखाव, मरम्मत, चिकित्सा संसाधन, जांच सुविधा और दवाइयां की व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने कहा कि सरकारी अस्पताल में आने वाले मरीजों को बेहतर जांच और चिकित्सा सुविधा मिले, इसे स्वास्थ्य विभाग सुनिश्चित करे।

**जिला अस्पतालों को 247 ऑपरेशनल बनाएंः** मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के जिला अस्पतालों को 247 ऑपरेशनल बनाने के लिए समुचित कदम उठाए जाएं। इसके तहत इन अस्पतालों में विशेषज्ञ चिकित्सकों के साथ सभी तरह की सर्जरी की व्यवस्था होनी चाहिए, ताकि मरीजों को किसी दूसरे अस्पताल के लिए रेफर करने की नौबत नहीं आए। उन्होंने कहा कि जिला अस्पतालों के ओपीडी में भी मरीज को विशेषज्ञ चिकित्सकों का परामर्श मिल सके इस दिशा में भी पहल करें।

**प्राथमिक स्वास्थ्य का जिला अस्पतालों से संपर्क सिस्टम बनाएंः** मुख्यमंत्री ने प्राथमिक स्वास्थ्य उप केंद्रों और स्वास्थ्य केंद्रों का जिला अस्पतालों से 24 घंटे संपर्क स्थापित करने की व्यवस्था बनाएं। ताकि, अगर कोई मरीज स्वास्थ्य केंद्रों में इलाज के लिए आता है और उसे बेहतर इलाज की जरूरत हो तो उसे जिला अस्पताल तक लाने की पूरी व्यवस्था होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के प्राथमिक स्वास्थ्य उप केंद्र से लेकर जिला अस्पताल में जो मानव संसाधन उपलब्ध हैं, उसकी शत -प्रतिशत उपयोगिता सुनिश्चित होनी चाहिए। अस्पतालों की जरूरत के हिसाब से मानव संसाधन उपलब्ध कराया जाए। अगर किसी एक अस्पताल से दूसरे अस्पताल में चिकित्सा और चिकित्साकर्मियों की सेवा लेने की जरूरत हो तो उस दिशा में भी उचित कदम उठाए जाने चाहिए। लेकिन इसमें इस बात का ध्यान रखें की जिस अस्पताल से चिकित्सकों की सेवा दूसरे अस्पताल में ली जा रही है, वहां की चिकित्सीय व्यवस्था प्रभावित नहीं होनी चाहिए।

**मॉनिटरिंग की व्यवस्था होनी चाहिएः** मुख्यमंत्री ने कहा कि अक्सर शिकायतें मिलती है कि स्वास्थ्य केंद्र और अस्पतालों में चिकित्सक ड्यूटी के दौरान भी उपलब्ध नहीं होते हैं । ऐसे में मरीज को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि अस्पतालों में चिकित्सकों और चिकित्सा कर्मियों की उपस्थिति की निगरानी की पुख्ता व्यवस्था होनी चाहिए । उन्होंने कहा कि निजी अस्पतालों की तरह सरकारी अस्पतालों में हॉस्पिटल मैनेजमेंट सिस्टम, सीसीटीवी और वाई-फाई की व्यवस्था और जिला तथा मुख्यालय स्तर पर इसकी निरंतर निगरानी की जानी चाहिए।

# दिनभर मतदान का लक्ष्य पुलिस व सीआरपीएफ के सम्मिलित प्रयास से हुआ संभव : के. रवि कुमार

### बीते लोकसभा निर्वाचन में उत्कृष्ट कार्यों के लिए पुलिस के 23 एवं सीआरपीएफ के 14 जवानों को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने किया सम्मानित



**रांचीः** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार एवं राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी एवी होमकर ने सोमवार को लोकसभा निर्वाचन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पुलिस एवं सीआरपीएफ के पदाधिकारियों को सम्मानित किया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि झारखण्ड में पांच बजे शाम के बाद चुनाव की परिकल्पना को 'इस बार दिन भर मतदान' से पूरा करने का काम प्रशासनिक पदाधिकारियों, पुलिस और सीआरपीएफ के सम्मिलित प्रयासों से ही हो सका। उन्होंने कहा कि निर्वाचन ड्यूटी पर बाहर से आए पुलिस एवं सीआरपीएफ के जवानों को न्यूनतम सुविधाएं उपलब्ध कराने का कार्य किया गया था जिससे उन्हें अपने कर्तव्य पर परेशानी न हो। लोकसभा चुनाव में पूर्व से योजनाबद्ध होकर टीम की भावना से कार्य किया गया। निर्वाचन केवल एक व्यक्ति के बेहतर प्रदर्शन से नहीं किया जा सकता था, इसके लिए हर एक स्तर पर समन्वय स्थापित करते हुए सहयोग की भावना से कार्य हुआ है।

**लोकसभा निर्वाचन को शांतिपूर्ण संपन्न कराने में टीम भावना से किया गया कार्य :** ए. वी. होमकर होमकर ने कहा कि इस बार के लोकसभा निर्वाचन में निर्वाचन पदाधिकारियों, पुलिस एवं सीआरपीएफ के बीच का समन्वय बहुत ही सुदृढ़ था। पूरे निर्वाचन के दौरान मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के नेतृत्व में झारखंड में कार्य कर रही टीम ने टीम भावना से काम किया है। परिणाम स्वरूप लोकसभा का चुनाव शांतिपूर्ण रहा। उन्होंने इस अवसर पर लोकसभा चुनाव के अपने अनुभव साझा किए। इस अवसर पर पुलिस के एस.पी. वायरलेस हरविंदर सिंह, डिप्टी कोमांडेंट मिथलेश कुमार, ए.एस.पी. अविनाश कुमार, डिप्टी एस पी दिलीप खलखो, इंस्पेक्टर राज कपूर, इंस्पेक्टर पंकज कुमार झा, सब इंस्पेक्टर सौरभ कुमार आहूजा, सब इंस्पेक्टर पवन कुमार, सब इंस्पेक्टर अरविंद कुमार मुंडा, सब इंस्पेक्टर रंजीत कुमार, सब इंस्पेक्टर शाइनी विल्सन एक्का, कांस्टेबल अशरफ अली अंसारी, कांस्टेबल वीरशेन बहादुर, कांस्टेबल संजय कुमार, कांस्टेबल शशि रंजन कुमार, कांस्टेबल संतोष बहादुर गुरुंग, कांस्टेबल अरुण प्रधान, कांस्टेबल गजेंद्र कुमार छेत्री, कांस्टेबल इकबाल हुसैन को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा प्रशस्तिपत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। वहीं सीआरपीएफ के डीआईजी सतीश कुमार लिंडा, कमांडेंट ऑपरेशन आनंद कुमार जेराई, कमांडेंट 2 ऑपरेशन सुशील कुमार पांडेय, डिप्टी कमांडेंट दीपक कुमार यादव, डिप्टी कमांडेंट सुधीर कुमार, असिस्टेंट कमांडेंट धनजीव कुमार, असिस्टेंट कमांडेंट केश प्रकाश, असिस्टेंट कमांडेंट रोशन कुमार , एएसआई मांगी लाल, एचसी काराले प्रमोद सीताराम, एचसी सुदीप कुमार, कांस्टेबल रजनीश कुमार, कांस्टेबल कृष्णा कांति मंडल, कांस्टेबल मृदु रंजन कुमार को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा प्रशस्तिपत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।



## श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव 26-27 अगस्त को

**रांचीः** श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव समिति के तत्वावधान में 26 और 27 अगस्त को अलबर्ट एक्का चौक के पास जन्माष्टमी महोत्सव मनाया जायेगा। समिति के संरक्षक सह रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ, अजय मारु व समिति अध्यक्ष मुकेश काबरा ने बताया कि महोत्सव धूमधाम से मनाया जायेगा।दही हांडी प्रतियोगिता में पुरुष गोविंदा टीम व महिला गोविंदा टीम हिस्सा लेगी। इसके लिए रजिस्ट्रेशन जरूरी है। बाल गोपाल और दही हांडी प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए मेन रोड स्थित केडिया साइकिल व स्टेशन रोड स्थित पतंजलि बाबा रामदेव के सेंटर में संपर्क किया जा सकता है।

### झारखंड हाई कोर्ट से डीआईजी आरपीएफ संतोष दुबे को बड़ी राहत

# रेलवे के प्रीमेच्योर रिटायरमेंट का आदेश रद्द

मेट्रो रेज



**रांचीः** झारखंड हाई कोर्ट ने धनबाद के तत्कालीन सीनियर कमांडेंट रेलवे प्रोटेक्शन फोर्स (आरपीएफ) संतोष कुमार दुबे के मामले में रेलवे बोर्ड द्वारा उन्हें प्रीमेच्योर रिटायरमेंट दिए जाने के आदेश को मंगलवार को निरस्त कर दिया। साथ ही कोर्ट ने उनका जॉइनिंग अविलंब करने का आदेश रेलवे बोर्ड को दिया है। कोर्ट ने मामले को निष्पादित कर दिया है। झारखंड हाई कोर्ट से विभागीय कार्रवाई पर रोक के बावजूद रेलवे बोर्ड, नई दिल्ली ने प्रीमेच्योर रिटायरमेंट दे दिया था। इसके खिलाफ उन्होंने हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की थी।

संतोष कुमार दुबे वर्तमान में डीआईजी आरपीएफ पद पर लखनऊ में पदस्थापित थे। दरअसल, संतोष कुमार दुबे के आरपीएफ में चक्रधरपुर, धनबाद और रांची डिवीजन में पदस्थापित रहने के दरमियान उन पर 1.48 करोड रुपये की आय से अधिक संपत्ति का मामला सीबीआई ने दानापुर, पटना में 10 जुलाई, 2013 को दर्ज किया था। इसके बाद आरपीएफ नई दिल्ली ने संतोष कुमार दुबे के खिलाफ विभागीय कार्रवाई चलाने के आदेश दिया था। सीबीआई ने संतोष कुमार दुबे की अधिकांश पोस्टिंग जो झारखंड में थी, के दौरान उन पर आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने का आरोप लगाया है। संतोष कुमार दुबे द्वारा आय से अधिक संपत्ति अर्जित किए जाने का चेक पीरियड 1998 से 2013 तक सीबीआई ने रखा है।

मामले में सीबीआई ने 28 जून, 2022 को संतोष कुमार दुबे, उनकी पत्नी प्रिया दुबे एवं अन्य खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया था। इसके बाद सीबीआई के विशेष न्यायाधीश पटना ने 22 जुलाई, 2022 को मामले में संज्ञान लिया था। 31 जनवरी, 2023 को आरपीएफ, नई दिल्ली ने संतोष कुमार दुबे के खिलाफ विभागीय कार्रवाई शुरू किया था। इसके बाद संतोष कुमार ने झारखंड हाई कोर्ट में विभागीय कार्रवाई को निरस्त करने के लिए याचिका दाखिल की थी। पांच अक्टूबर, 2023 को झारखंड हाई कोर्ट ने संतोष कुमार दुबे के खिलाफ आरपीएफ द्वारा विभागीय कार्रवाई पर रोक लगा दी थी।

इसके बाद पांच दिसंबर, 2023 को रेलवे बोर्ड, नई दिल्ली ने विभागीय कार्रवाई पर रोक के बावजूद 1802 (ए) इंडियन स्टेबलाइजमेंट कोड के तहत संतोष कुमार को प्रीमेच्योर रिटायरमेंट दे दिया था। मामले में झारखंड हाई कोर्ट ने केंद्र सरकार को 7 नवंबर, 2023 को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया था लेकिन केंद्र सरकार द्वारा जवाब दाखिल नहीं होने पर कोर्ट ने संतोष कुमार के खिलाफ विभागीय कार्रवाई पर रोक जारी रखी थी। इसी दौरान प्रीमैच्योर रिटायरमेंट किए जाने को लेकर संतोष कुमार दुबे ने हाई कोर्ट में एक हस्तक्षेप याचिका (आईए) दाखिल की थी, जिस पर सुनवाई करते हुए झारखंड हाई कोर्ट ने कहा कि पूर्व में संतोष कुमार दुबे को प्रीमेच्योर रिटायरमेंट दिए जाने के आदेश पर रोक लगा दी थी।

उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, गुमला
(विकास शाखा)
E-Mail – ddcgumla2014@gmail.com Phone No. 06524-222209 Fax No. 06524-222209

अति-अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

विधायक मद से सिमडेगा विधान सभा क्षेत्र अन्तर्गत पालकोट प्रखण्ड के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में अध्ययनरत छात्र–छात्राओं के ज्ञानोपार्जन एवं उनके बौद्धिक विकास हेतु पुस्तकों के क्रय/आपूर्ति हेतु इच्छुक निविदादाताओं (प्रतिष्ठित प्रकाशकों/अधिकृत विक्रेताओं) से दिनांक 13.08.2024 के अपराह्न 12.00 बजे तक सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित किया जाता है।

निविदादाता अनुश्संसित पुस्तकों की विवरणी एवं निविदा से संबंधित अन्य शर्तें गुमला जिला के वेवसाईट https://gumla.nic.in पर देखा जा सकता है।

दिनांक 13.08.2024 के अपराह्न 03.30 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में निविदादाता अथवा उनके प्रतिनिधि के समक्ष खोला जायेगा।

ह0/–
उप विकास आयुक्त, गुमला।
PR.NO.331880 Rural Development(24-25):D

OFFICE OF THE RANCHI MUNICIPAL CORPORATION, RANCHI
{ENGINEERING SECTION}
KUTCHERY ROAD, RANCHI, PIN – 834001
e-mail :- support@ranchimunicipal.com

LETTER No:-206/Eng
e-Procurement Notice
DATED:-03-08-2024

1. Name of Tender Inviting Officer :- Chief Engineer, RMC, Ranchi
2. Date of Publication of Tender on Website :- 07-08-2024
3. Bid Submission Start Date :- 07-08-2024
4. Bid Submission End Date :- 28-08-2024 Up to 5:00 PM
5. Date/Time of Opening bid :- 29-08-2024 Up to 12:30 PM
6. Helpline number :- 9279239910/9430763688

| Sl. No. | Ward No. | Name of the Work | Approximate value of work (Rs) | Earnest Money (Rs) | Cost of Tender Document (Rs.) | Period of completion |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 26 | Construction of Chatt Ghat, Drain and Laying of Paver Block work in Argora Talab under Ward No - 26 | 1,46,91,544.10 | 2,95,000/- | 11,800 | 270 Days |

❖ Tender Fee and Earnest Money Deposit (EMD) is to be paid through online mode as per instruction of IT Dept., Govt of Jharkhand Letter No- 120 Dated- 03-10-2023 and UDHD Gov. Of Jharkhand Letter No-4847 Dated- 11-10-2023.
Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

Sd/-
Executive Engineer
Ranchi Municipal Corporation, Ranchi
PR 331876 Ranchi Municipal Corporation(24-25).D

## सूक्ति

मनुष्य को चाहिए कि वह परिस्थितियों से लड़े, एक स्वप्न टूटे तो दूसरा गढ़े:
अटल बिहारी वाजपेय

## घटेगी वक्फ की ताकत

**वक्फ** बोर्ड की ताकत घटाने और उसे नियंत्रित करने वाले कानून में संशोधन का केंद्र सरकार का फैसला साहस भरा कदम है। निकट भविष्य में वक्फ बोर्ड. पहले की तरह किसी भी संपत्ति को स्वेच्छा से अपनी संपत्ति नहीं घोषित कर पाएंगे। कैबिनेट ने 401 संशोधन को मंजूरी दी है। साफ है सरकार वक्फ बोर्ड. की मनमानी पर सख्ती के मूड़ में है। स्वाभाविक तौर पर सरकार के इस फैसले पर सियासी तनातनी और सरगर्मी भी तय है। कई मुस्लिम संगठन सिफारिश के विरोध में आ गए हैं। असदुद्दीन ओवैसी का तर्क है कि सरकार वक्फ बोर्ड.की स्वायत्तता छीनना चाहती है जो धर्म की आजादी के खिलाफ है। यही वजह है कि इसमें सियासी बढ़त के लिए संशोधन पेश करने से पहले भाजपा अपने सहयोगियों को साधने में जुट गई है। इसके लिए उसे जोर-आजमाइश ज्यादा करनी होगी। गौरतलब है कि वक्फ बोर्ड अधिनियन 1954 में पारित हुआ था। इसके बाद इस अधिनियम में समय के अनुसार कई संशोधन किए गए। नरसिम्हा राव सरकार ने वक्फ बोर्ड को असीमित शक्तियां दे दी थी। लाजिमी है कि कांग्रेस के साथ उसके सहयोगी पार्टियां सरकार के इस प्रस्ताव से इत्तेफाक नहीं रखती। वर्तमान में वक्फ बोर्ड के पास 8,65,644 संपत्तियां हैं। अल्पसंख्यक मंत्रालय ने दिसम्बर 2022 में इसके बारे में लोक सभा में जानकारी दी थी। कहा जाता है कि रेलवे और सेना के बाद देश में संपत्ति के मामले में वक्फ तीसरा सबसे बड़ा संपत्ति मालिक है। हालांकि सबसे अधिक विवाद वक्फ के अधिकारों को लेकर है। क्योंकि वक्फ एक्ट के सेक्शन 85 में इस बात पर जोर दिया गया है कि बोर्ड के फैसले को कोर्ट में चुनौती नहीं दी जा सकती। वक्फ बोर्ड. निरंकुश हो गया और इसकी कार्यशैली पर लगाम लगाने की महती जरूरत भी है। दरअसल,वक्फ का निर्माण पिछड़े मुसलमानों के उत्थान के लिए किया गया था, लेकिन इसका सही से उपयोग नहीं किया गया, बल्कि दुरु पयोग ज्यादा किया गया। वक्फ की अरबों की संपत्ति अवैध रूप से कुछ लोगों के कब्जे में हैं, महिलाओं की भागीदारी इसमें न के बराबर है। इन सारी अनियमितताओं पर अगर सरकार ईमानदारी से काम करना चाहती है तो उसके फैसले को समर्थन देने में किसी को गुरेज नहीं होनी चाहिए। सांप्रदायिक नफा- नुकसान के तराजू पर तौलने से पहले सभी राजनीतिक दलों को हफ्ते भर बाद संसद में पेश किए जाने का इंतजार करना चाहिए। हां बिना- वजह बयानबाजी कर माहौल खराब करने से हर किसी को बचने की जरूरत है।

## संपूर्णता में हों योजनाएं

**इलेट्रिक** वाहनों को चार्जिंग की सुविधा देने के लिए नेशनल हाई-वे पर भी बड़ी संख्या में चार्जिंग स्टेशन बनाए जा रहे हैं ताकि अंतर शहरी इलेट्रिक व्हीकल चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर बेहतर हो और लोग निश्चिंत होकर लंबी दूरी की यात्राएं कर सकें। केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्रालय के अनुसार भारी उद्योग मंत्रालय ने पेट्रोलियम व प्राकृतिक गैस मंत्रालय के तहत तीन तेल विपणन कंपनियों के माध्यम से कुल 7432 ईवी चार्जिंग स्टेशनों में से 5833 को हाई-वे के किनारे लगाने का लक्ष्य रखा है। 5293 स्टेशन तैयार भी बताए जा रहे हैं। तेल विपणन कंपनियों को इन चार्जिंग स्टेशनों के लिए आठ सौ करोड़. की पूंजी भी सब्सिड़ी भी दी गई है। इनमें पेट्रोलियम व प्राकृतिक गैस मंत्रालय के अंतर्गत 178 करोड़. रुपए की लागत से बनाए गए 4729 ईवी चार्जिंग स्टेशन भी शामिल हैं। टाटा की चार बड़े. ऑपरेटरों द्वारा दो साल के भीतर ही दस हजार नये स्टेशन स्थापित करने की भी योजना पर काम जारी है। हालांकि टेस्ला दुनिया की सबसे बड़ी फास्ट चार्जिंग नेटवर्क की मालिक है। जो अपने ई-वाहनों को तयशुदा वक्त तक मुफ्त चार्ज करने की सुविधा प्रदान करती है। इस तरह की आकर्षक योजनाओं द्वारा खरीदारों को इलेट्रिक वाहनों की खरीद के प्रति प्रोत्साहित किया जा सकता है। चूंकि देश में इलेट्रिक वाहनों की मांग में लगातार वृद्धि हो रही है जिसको देखते हुए सरकार वितरण, पोषण व इन्फ्रास्ट्रक्चर का विकास व रख-रखाव को लेकर गंभीर है। इसीलिए केंद्र सरकार द्वारा सब्सिड़ी व छूट दी जा रही है। हैरत है कि कुछ राज्य सरकारें कई जगह चार्जिंग स्टेशनों पर 18 फीसद जीएसटी लगा रही हैं जिससे वाहन चालकों पर यह बोझ बढ़सकता है। इलेट्रि क वाहनों को काफी किफायती माना जा रहा है। ये पर्यावरण के अनुकूल तो हैं ही। इनका रख-रखाव करने में भी विशेष दिक्कत नहीं आती। अब तक ई वी की चाजिृग को लेकर संशय बना रहता था। जो इस सुविधा से काफी हद तक संतुष्ट हो सकते हैं। हालांकि ई वी के प्रयोग के प्रति लोगों को प्रोत्साहित करने के प्रति सरकारी स्तर पर गंभीर व दूरदर्शितापूर्ण कदम उठाये जाने की जरूरत है। बात केवल चार्जिंग स्टेशनों तक ही सीमित नहीं है। इसे संपूर्णता में देखना होगा और ई वी की तरफ लोगों को प्रोत्साहित करने वाली केंद्र की योजनाओं को बेहतर रूप में लागू करने के प्रति प्रातिबद्ध होना होगा।

# सोशल मीडिया पर स्क्रॉल होती युवाओं की जिंदगी

सोशल मीडिया के माध्यम से जांच करना और स्क्रॉल करना पिछले एक दशक में तेजी से लोकप्रिय गतिविधि बन गया है। अधिकांश लोगों द्वारा सोशल मीडिया का उपयोग सोशल नेटवर्किंग साइटों के आदी हो जाने से हो रहा हैं। वास्तव में, सोशल मीडिया की लत एक व्यवहारिक लत है जिस में सोशल मीडिया के बारे में अत्यधिक चिंतित होने की विशेषता है, जो सोशल मीडिया पर लॉग ऑन करने या उपयोग करने के लिए एक अनियंत्रित आग्रह से प्रेरित है और सोशल मीडिया के लिए इतना समय और प्रयास करते है जो अन्य महत्वपूर्ण जीवन क्षेत्रों को प्रभावित करता है।

**डॉ. सत्यवान सौरभ**

अगर आप समाज से अलग-थलग महसूस करते हैं, और सोशल मीडिया प्लेटफार्म जैसे फेसबुक, ट्विटर, इंस्टाग्राम जैसे ऐप्स पर ज्यादा समय बिताते हैं तो एक नए शोध के अनुसार, इससे स्थिति और बिगड़ सकती है। सोशल मीडिया से युवाओं में अवसाद बढ़ रहा है। फेसबुक से डिप्रेशन का खतरा 7 प्रतिशत बढ़ा है, फेसबुक से चिड़चिड़ापन का खतरा 20 प्रतिशत बढ़ा है। सोशल मीडिया ने मोटापा, अनिद्रा और आलस्य की समस्या बढ़ा दी है, 'फियर ऑफ मिसिंग आउट' को लेकर भी चिंताएं बढ़ गई हैं। स्टडी के मुताबिक सोशल मीडिया से सुसाइड रेट बढ़े है। इंस्टाग्राम से लड़कियों में हीन भावना आ रही है। सोशल मीडिया के माध्यम से जांच करना और स्क्रॉल करना पिछले एक दशक में तेजी से लोकप्रिय गतिविधि बन गया है। अधिकांश लोगों द्वारा सोशल मीडिया का उपयोग सोशल नेटवर्किंग साइटों के आदी हो जाने से हो रहा हैं। वास्तव में, सोशल मीडिया की लत एक व्यवहारिक लत है जिस में सोशल मीडिया के बारे में अत्यधिक चिंतित होने की विशेषता है, जो सोशल मीडिया पर लॉग ऑन करने या उपयोग करने के लिए एक अनियंत्रित आग्रह से प्रेरित है और सोशल मीडिया के लिए इतना समय और प्रयास करते है जो अन्य महत्वपूर्ण जीवन क्षेत्रों को प्रभावित करता है। वर्तमान समय में फोन बड़े से लेकर बच्चों तक के लिए जरूरी हो गया है। बच्चों के स्कूल की पढ़ाई भी ऑनलाइन हुई है। ऐसे में बच्चे फोन पर ज्यादा समय बताते है। फोन के ज्यादा इस्तेमाल की वजह से बच्चों को सोशल मीडिया की लत भी लग रही है। सोशल मीडिया पर लत की वजह से बच्चों की नींद पर असर पड़ रहा है। नजर भी कमजोर हो जाती है। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ की रिपोर्ट में ये साफ हुआ है कि अगर कोई बच्चा एक हफ्ते तक लगातार सोशल मीडिया का प्रयोग करते है, तो वह एक रात तक की नींद भी खो सकते हैं। अकसर बच्चों के साथ ये होता है कि जब वो सोशल मीडिया का इस्तेमाल करके सोते है, तो आंखें बंद करने के बाद भी उनके दिमाग में वह चीजें चलती रहती है, जो वो देखकर सोए है।

सोशल मीडिया की लत एक व्यवहार संबंधी विकार है जिसमें किशोर या युवा वयस्क सोशल मीडिया से मोहित हो जाते हैं और स्पष्ट नकारात्मक परिणामों और गंभीर कमियों के बावजूद ऑनलाइन मीडिया को कम करने या बंद करने में असमर्थ होते हैं। जबकि कई किशोर दैनिक आधार पर (फेसबुक, इंस्टाग्राम, ट्विटर, यू-ट्यूब, वाइन, स्नैपचैट और वीडियो गेम सहित) ऑनलाइन मीडिया के किसी न किसी रूप में संलग्न होते हैं, किशोर सोशल मीडिया की लत अत्यधिक खतरनाक है, एक बढ़ती हुई अच्छा महसूस करने के तरीके के रूप में सोशल मीडिया पर निर्भरता, और दोस्ती में नुकसान, शारीरिक सामाजिक जुड़ाव में कमी और स्कूल में नकारात्मक प्रभाव के बावजूद इस व्यवहार को रोकने में असमर्थता चिंता का विषय बन गई है।

दुनिया में हर पांचवां युवा यानी लगभग 19 फीसद युवाओं ने साल भर के भीतर किसी न किसी तरह के खेल में पैसा लगाया है। इसमें वे ज्यादातर बार ऑनलाइन सट्टेबाजी का शिकार हुए है। आज के समय में सोशल मीडिया का बहुत ज्यादा उपयोग से युवा वर्ग में न सिर्फ आत्मविश्वास कम हो रहा है बल्कि अकेलेपन का भी आभास बढ़ रहा है। यही कारण है कि हताशा और चिंता भी बढ़ती है। पिछले काफी समय से सोशल मीडिया पर वैसे तो सभी वर्गों की सक्रियता बढ़ी है, लेकिन सबसे ज्यादा प्रभावित युवा वर्ग हो रहा है। यहां तक की आत्महत्या का ख्याल भी युवाओं में बढ़ रही है। लंबे समय तक सोशल मीडिया पर बने रहने के कारण मानसिक स्वास्थ्य पर विपरीत असर हो रहा है। ऐसे मामलों में 15 से 45 वर्ष आयु के केस अधिक सामने आ रहे हैं। जिसके कारण नींद की कमी के साथ-साथ कार्य की क्षमता भी प्रभावित होती है। आज का दौर मोबाइल, लैपटॉप जैसे गैजेट्स के बगैर अधूरा है। ऐसे में आप अपनी मानसिक सेहत का ध्यान रखकर और कुछ उपायों को अपनाकर सोशल मीडिया के एडिक्शन से बच सकते है।

हम में से ज्यादातर लोग आज सोशल मीडिया के आदी हैं। चाहे आप इसका इस्तेमाल दोस्तों और रिश्तेदारों से जुड़ने के लिए करें या वीडियो देखने के लिए, सोशल मीडिया हम में से हर एक के लिए जाना-पहचाना तरीका है। प्रौद्योगिकी और स्मार्ट उपकरणों के प्रभुत्व वाली दुनिया में नेटफ्लिक्स को बिंग करना या फेसबुक पर स्क्रॉल करना, इन दिनों मिनटों और घंटों को खोना बहुत आम है। ये वेबसाइट और ऐप हमारा ज्यादातर समय खा रहे हैं, इतना कि यह अब एक लत में बदल गया है। सोशल मीडिया की लत जल्दी से उस कीमती समय को खा सकती है जो कौशल विकसित करने, प्रियजनों के साथ समय का आनंद लेने या बाहरी दुनिया की खोज में खर्च किया जा सकता है। अध्ययनों से पता चला है कि यह मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों जैसे कम आत्मसम्मान, अकेलेपन की भावना, अवसाद और चिंता का कारण बन सकता है।

सप्ताह में कम से कम एक या दो बार, ₹सोशल मीडिया फ्री₹ दिवस मनाएं। यह शनिवार/रविवार को हो सकता है या जो भी दिन आपको लगता है कि आपके लिए उपयुक्त है। समय के साथ, हमें अपनी स्क्रीन पर दिखने वाले छोटे-छोटे इंस्टाग्राम, व्हाट्सऐप या फेसबुक आइकन की आदत हो जाती है। नया क्या है यह देखने के लिए नियमित रूप से अपने फोन की जांच करना हमारी आदत बन गई है। आप अपने सोशल मीडिया के उपयोग को कम करने के लिए दिन में एक बार अपने नोटिफिकेशन देख सकते हैं। सोशल मीडिया के लिए अपनी आवश्यकता पर विचार करें क्योंकि कभी-कभी सोशल मीडिया की लत हमारे ध्यान या दूसरों के साथ संबंध की आवश्यकता के कारण हो सकती है। इस पर अपने विचार लिखने के लिए कुछ समय व्यतीत करें और इस पर काम करने का प्रयास करें कि आप अपने उपयोग को कैसे कम कर सकते हैं।

किशोर सोशल मीडिया व्यसन उपचार का पहला और सबसे प्राथमिक कार्य किशोरों द्वारा सोशल मीडिया पर बिताए जाने वाले समय को कम करना है। किशोरों द्वारा ऑनलाइन बातचीत करने में लगने वाले समय को सीमित करके, हम उन्हें अपने साथियों के साथ वास्तविक सामाजिक संपर्क को प्राथमिकता देने में मदद करते हैं। यह न केवल स्वस्थ है, बल्कि इस तरह, वे स्वयं की बेहतर समझ विकसित करने की अधिक संभावना रखते हैं। हम जानते हैं कि सोशल मीडिया की लत से जूझ रहे किशोरों के लिए ताजी हवा में अधिक समय बिताना महत्वपूर्ण है। सोचिये, हमारे आस- पास समुद्र तटों से लेकर पार्कों और लंबी पैदल यात्रा मार्गों तक, सुंदर प्राकृतिक स्थल क्यों बनाए गए हैं।

# मनु भाकर क्यों बन गयी सभी खिलाड़ियों के लिए आदर्श

पेरिस ओलंपिक खेलों में दो कांस्य पदक जीतने वाली मनु भाकर 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में भी चौथे स्थान पर रहीं। उनके पेरिस ओलंपिक खेलों में अभूतपूर्व प्रदर्शन से सारा देश प्रसन्न है। मनु भाकर सिर्फ अचूक निशानची ही नहीं हैं। वो तो देश के अधिकतर खिलाड़ियों के लिए भी एक तरह से प्रेरणा हैं। उन्होंने अपनी शिक्षा पर भी हमेशा भरपूर ध्यान दिया। हरियाणा के झज्जर शहर की रहने वाली मनु भाकर ने 10वीं और 12वीं की बोर्ड की परीक्षाओं में 90 पर्सेंट से अधिक अंक अर्जित किए। उसके बाद दिल्ली विश्वविद्यालय के लेडी श्रीराम कॉलेज (एलएसआर) से राजनीति विज्ञान में आनर्स की डिग्री भी ली। एलएसआर देश का चोटी का महिला कॉलेज माना जाता है।

**आरके. सिन्हा**

निशानेबाज मनु भाकर को अब सारा देश जानता है। पेरिस ओलंपिक खेलों में दो कांस्य पदक जीतने वाली मनु भाकर 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में भी चौथे स्थान पर रहीं। उनके पेरिस ओलंपिक खेलों में अभूतपूर्व प्रदर्शन से सारा देश प्रसन्न है। मनु भाकर सिर्फ अचूक निशानची ही नहीं हैं। वो तो देश के अधिकतर खिलाड़ियों के लिए भी एक तरह से प्रेरणा हैं। उन्होंने अपनी शिक्षा पर भी हमेशा भरपूर ध्यान दिया। हरियाणा के झज्जर शहर की रहने वाली मनु भाकर ने 10वीं और 12वीं की बोर्ड की परीक्षाओं में 90 पर्सेंट से अधिक अंक अर्जित किए। उसके बाद दिल्ली विश्वविद्यालय के लेडी श्रीराम कॉलेज (एलएसआर) से राजनीति विज्ञान में आनर्स की डिग्री भी ली। एल. एस. आर. देश का चोटी का महिला कॉलेज माना जाता है।

नोबल पुरस्कार विजेता और म्यांमार की शिखर नेता आंग सान सू ची यू ने 1964 में इसी लेडी श्रीराम कॉलेज से ग्रेजुएशन किया था। मुन भाकर का लेडी श्रीराम कॉलेज में पढ़ना इस बात की गवाही है कि उन्होंने अपनी पढ़ाई पर भी हमेशा फोकस रखा। इधर बीते कुछ सालों से हमारे अपने देश के बहुत सारे नामवर खिलाड़ियों ने स्कूल के बाद आगे की पढ़ाई नहीं की। ये कोई बहुत आदर्श स्थिति नहीं मानी जा सकती। आप कितने ही बड़े खिलाड़ी क्यों न हो जाएं, पर आप बेहतर इंसान और नागरिक तो ढंग से पढ़-लिखकर ही बनते हैं। महान फुटबॉलर चुन्नी गोस्वामी, क्रिकेटर अजीत वाडेकर और सुनील गावस्कर उन खेलों की दुनिया के शिखर नाम रहे हैं, जिन्होंने खेल के मैदान में जौहर दिखाते हुए अपनी पढ़ाई को नजरअंजाद नहीं किया। चुन्नी गोस्वामी और अजीत वाडेकर तो स्टेट बैंक में अहम पदों पर इसलिए पहुंचे, क्योंकि ; इनके पास सही डिग्रियां थीं। सुनील गावस्कर बीते पांच दशकों से सक्रिय हैं। पहले क्रिकेटर के रूप में और बाद के दशकों में बतौर लेखक और कमेंटेटर के। उनके पास क्रिकेट की गहरी समझ के अलावा शब्दों का भंडार भी है। वैसे खेलों में बेहतर प्रदर्शन करने के आधार पर नौकरी तो बहुत सारे खिलाड़ियों को मिल ही जाती हैं। माफ करें, कई कथित खिलाड़ियों को जाली प्रमाणपत्रों के आधार पर भी नौकरियां मिलती रही हैं। यह भी सबको पता है। सारी दुनिया ने मनु भाकर को बीत दिनों मीडिया को इंटरव्यू देते हुए देखा। इतनी छोटी सी उम्र में वह कितने धीर-गंभीर अंदाज में अपनी बात रखती है। वह गीता का उदाहरण देते हुए सफलता के मर्म को समझाती है। मनु भाकर हिन्दी और अंग्रेजी में पूरे विश्वास के साथ सवालों के जवाब देती है। यही सही शिक्षा सिखाती भी है। आप पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान के अधिकतर खिलाड़ियों को देख लें। जावेद मियांदाद, इंजमाम उल हक, शोएब अख्तर जैसे मशहूर खिलाड़ियों ने खेल के मैदान में भले ही बेहतरीन प्रदर्शन किए हों, पर वे जब बोलते हैं तो सच में बहुत अफसोस होता है कि बेहतर शिक्षा ना मिलने के कारण वे अपने व्यक्तित्व निर्माण में कितना पिछड़ गए। वे इंटरव्यू देते वक्त पूरी तरह से सड़क छाप ही लगते हैं। बेशक,शिक्षा ही जीवन का आधार है और बिना शिक्षा के मनुष्य का जीवन अर्थहीन व दिशाहीन हो जाता है। एक सफल जीवन में सार्थक शिक्षा का विशेष महत्व होता है। शिक्षा जीवन का आधार है, और शिक्षा से ही मनुष्य अपने जीवन में आगे बढ़ता है, सही गलत में अंतर कर पाता है। शिक्षा और संस्कार एक-दूसरे के पूरक हैं। अगर आपके संस्कार सही है तो आपकी शिक्षा भी सही दिशा में जाएगी। मनु भाकर और दूसरे खिलाड़ियों के कोचों का दायित्व है कि वे युवा पीढ़ी को सही मार्ग दिखाएं, ताकि आने वाला कल अच्छा हो। उन्हें शिक्षा के महत्व की जानकारी दें। मनु भाकर के अलावा भी हमारे यहां बहुत सारे खिलाड़ी साबित करते रहे हैं कि खेलों में सफलता के साथ-साथ पढ़ाई करना भी संभव है। यह सच है कि पेशेवर खिलाड़ी बनने के लिए बहुत समर्पण और मेहनत चाहिए। इसके अलावा, व्यक्ति को अपने खेल के शिखर पर पहुंचने के लिए बहुत कुछ त्याग करना पड़ता है। तमाम कठिनाइयों और संघर्षों के बीच, अधिकांश एथलीटों के लिए पढ़ाई पीछे छूट जाती है। पर इस तरह के खिलाड़ियों की भी कोई कमी नहीं है, जिन्होंने अपने खेल और पढ़ाई के बीच सही संतुलन बनाया और दोनों क्षेत्रों में कामयाबी हासिल की है। ये व्यक्ति बौद्धिक और शारीरिक शक्ति का शानदार उदाहरण हैं। भारतीय क्रिकेट टीम के हाल तक कोच रहे राहुल द्रविड़ को दुनिया भर के क्रिकेट प्रेमियों को किसी परिचय की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने सभी प्रारूपों में 23,000 से अधिक रन हैं। राहुल द्रविड़ ने कॉमर्स में स्नातक की डिग्री भी हासिल की है, जिसे उन्होंने बेंगलुरू के सेंट जोसेफ कॉलेज ऑफ कॉमर्स से प्राप्त किया। भारतीय क्रिकेट टीम के लिए चुने जाने से पहले, वह एमबीए की पढ़ाई कर रहे थे। कर्नाटक और भारतीय टीम में राहुल द्रविड़ के साथी अनिल कुंबले ने सभी प्रारूपों में 900 से अधिक विकेट लिए हैं और टेस्ट और वनडे क्रिकेट में भारत के सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। कुंबले भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान और कोच भी रहे हैं। उनके पास मैकेनिकल इंजीनियरिंग की डिग्री है। अब शतरंज के महान खिलाड़ी विश्वनाथन आनंद की बात कर लेते हैं। विश्वनाथन आनंद पहले भारतीय शतरंज ग्रैंडमास्टर हैं। वह पांच बार के विश्व शतरंज चैंपियन हैं और उन्हें शतरंज के सार्वकालिक महानतम खिलाड़ियों में से एक माना जा सकता है। शतरंज के क्षेत्र में उनकी उपलब्धियों ने उनकी शिक्षा को बाधित नहीं किया।

# अहंकार की परतें

## चिंतन-मनन

संत- महापुरुष समझाते हैं कि परमात्मा को पाने मार्ग पर हमारे सामने सबसे बड़ी रुकावट है अहंकार। अहंकार साफ- स्पष्ट भी हो सकता है और छुपा हुआ भी। यह हमारी अपनी असलियत और परमात्मा को भूलने का कारण भी बनता है। अहंकार और घमंड हमारी आत्मा के चारों ओर परतें कैसे बनाते हैं? अहंकार को निकालने के लिए विवेक और अपने मन पर पूर्ण नियंत्रण चाहिए। हमें धन-संपत्ति का घमंड हो सकता है जिसमें कि हमें अहंकार होता है कि हमारे पास बहुत पैसा और बहुमूल्य वस्तुएं हैं। हम सोचते हैं कि हम सबसे ज्यादा धनवान हैं और जो कम धनवान हैं उन्हें अपने से नीचे समझते हैं। अहंकार गरीब लोगों के मन को ठेस पहुंचाने पर भी मजबूर करता है। हमें ज्ञान का घमंड होता है। हम लोग अपनी डिग्रियों पर अभिमान करते हैं। हम समझते हैं कि अपने सहकर्मियों से ज्यादा जानते हैं। हम स्वयं को ज्ञान का स्रोत समझते लगते हैं। जिससे कि हमारे अंदर नम्रता का अभाव हो जाता है। जब हम सोचते हैं कि हम दूसरों से ज्यादा बुद्धिमान हैं तो हम उन लोगों को ठेस पहुंचाते हैं। हम यह सोचते हैं कि जो लोग सादगी से रहते हैं और जिनकी विचाराधारा सीधी- सादी है। उनको उतनी जानकारी नहीं है जितनी कि हमको है। सुंदरता भी हमारे अंदर घमंड पैदा करती है। हम स्वयं को सबसे सुंदर समझते हैं। हम अपनी सुंदरता का इतना बखान करते हैं कि कम सुंदर लोग स्वयं को हीन समझने लगते हैं। इस प्रकार अहम हमें एक तरह के दिखावे और ढोंग के रास्ते पर ले जाता है। अपने रंगझरूप के द्वारा हम स्वयं को वैसा दिखाने की कोशिश करते हैं जैसे हम नहीं हैं। यह दूसरों को नुकसान पहुंचा सकता है लेकिन हम यह भूल जाते हैं कि इसका सबसे ज्यादा नुकसान स्वयं को पहुंचता है। जब हमारा ध्यान अपने बाहरी रूप अपने शरीर, व्यक्तित्व, मन और संपत्ति पर लगा होता है तो हम अपनी आत्मा पर ध्यान केंद्रित नहीं कर सकते। हमारी आत्मा संपूर्ण सुंदरता, ज्ञान और धन की स्रोत है परंतु जब तक हम शरीर और मन का चिंतन करते रहते है। तब तक हम इन खजानों से अंजान रहते हैं। इस दुनिया के जितने भी ये बाहरी खजाने हैं एक दिन हमें छोड़ देंगे और हम इस दुनिया से खाली हाथ चले जाएंगे।

## आपके पत्र

### नाबालिग वाहन चालकों के लिए सख्ती

**एक** अगस्त से नाबालिग वाहन चालकों के लिए सख्ती की जा रही है। इस दिन से अगर कोई नाबालिग वाहन चलाते हुए पुलिस पकड़ लेती है तो इसके लिए सख्त कानून का इस्तेमाल किया जाएगा। इस कानून के तहत लगभग 25 हजार जुमार्ना और लगभग तीन साल की सजा का भी प्रावधान है। हालांकि सरकार और प्रशासन ने इसके लिए जागरूकता अभियान भी चलाए, स्कूलों में इसके लिए बच्चों को जागरूक भी किया और स्कूलों ने विद्यार्थियों के माता-पिता को इसके लिए नोटिस भी भेजे हैं कि वो अपने नाबालिग बच्चों को वाहन न दें। दोपहिया वाहन एक्सीडेंट का आंकड़ा भी दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। दोपहिया वाहन, मोटरसाइकिल, स्कूटर या फिर एक्टिवा चलाती बार हैल्मेट का प्रयोग अपनी जान की सुरक्षा के लिए जरूर करना चाहिए, न कि चालान के डर से।

**आरसी चौधरी**

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

# नि:शुल्क डाक बम एवं कांवरिया सेवा शिविर का आयोजन



**दुमका:** लायंस क्लब ऑफ दुमका सं.प. द्वारा जिले के कुरमाहाट के पास कांवरिया पथ पर निःशुल्क डाक बम एवं कांवरिया सेवा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के माध्यम से कांवरिया बंधु को निःशुल्क पानी, शरबत, पेड़ा एवं मूव स्प्रे आदि उपलब्ध कराया गया। इसके अतिरिक्त जरूरतमंद कांवरिया को गर्म पानी से थेरेपी दी गयी। शिविर के माध्यम से लगभग 1000 कांवरिया बंधु का सेव किया गया. मौके पर लायंस क्लब दुमका की अध्यक्षा अमिता रक्षित ने कहा कि शिव भक्तों की सेवा से बड़ी कोई सेवा नहीं होती। कांवरिया लोगों का सेवा करने से हृदय परिवर्तन होता है। मौके पर लायंस क्लब के सचिव चंदन कुमार साह, कोषाध्यक्ष अमूल्य पाल, मुकेश अग्रवाल, मधुकर दत्ता, सतीश जायसवाल, सुभाष सिंह एवं अभिषेक सिंह सहित क्लब के अन्य सदस्य मौजूद थे।

## न्यूज ब्रीफ



### खेलो झारखंड के तहत आयोजित तीन दिवसीय प्रतियोगिता का समापन

**जामा:** प्रखंड के बेलकुपी मैदान में राज्य परियोजना के निदेर्शानुसार खेलो झारखंड के तहत तीन दिवसीय प्रतियोगिता का समापन सोमवार को किया गया। जिसमें खो खो, कबड्डी, योगा, चेस, तीरंदाजी, वॉलीबॉल, गोला फेक, भाला फेंक सहित विभिन्न प्रकार की स्पर्धा में स्कूली छात्र छात्राएं शामिल हुए। साथ ही 100, 200, 400, 600, 800 एवं 1000 मीटर की दौड़ सहित ऊंची कूद, लंबी कूद आदि अन्य प्रतियोगिता भी करायी गयी। जिसमें तीन सौ से अधिक छात्र छात्राओं ने भाग लिया। आयोजित प्रतियोगिता में जामा प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों से वर्ग 5 से लेकर वर्ग दसवीं कक्षा तक के छात्र छात्राओ ने भाग लिया। इस मौके पर प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सुधा कुमारी एवं आयोजन समिति के जिला एवं प्रखंड प्रभारी द्वारा प्रतियोगिता में शामिल अंडर 14, 17, 19 के प्रतिभागियों में प्रथम व द्वितीय स्थान पाने वाले छात्र छात्राओं को मोमेंटो और मेडल देकर सम्मानित किया गया। मौके पर बीपीओ विनोद कुमार, बीआरपी वीरेंद्र नारायण अम्बष्ट, नंदन कुमार, मुनेश्वर मंडल, सीआरपी सहित दर्जनों शिक्षक व छात्र छात्राएं मौजूद थे।

### आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को मिले जामा सीट: बिमल



**जामा :** प्रखंड कांग्रेस कमेटी की एक बैठक प्रखंड अध्यक्ष बिमल बेसरा की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। बैठक में आसन्न विधानसभा चुनाव और वर्तमान गठबंधन सरकार के द्वारा संचालित जनहित की योजनाओं पर व्यापक चर्चा की गयी। बैठक में सरकार द्वारा संचालित जनहित की योजनाओं की जानकारी ग्राम पंचायत तक पहुंचाने के लिए रणनीति बनायी गयी। बैठक को संबोधित करते हुए कार्यक्रम प्रभारी प्रेम कुमार साह ने कहा कि वर्तमान समय में सजग रहने की जरूरत है। इंडिया एलायंस हर जगह गठबंधन के साथ चुनाव लड़ रही है। इसी क्रम में लोकसभा चुनाव में गठबंधन के झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रत्याशी नलिन सोरेन निर्वाचित हुए। अभी आने वाले दो-तीन महीने में विधानसभा का चुनाव होना है। सभी पंचायत में कार्यकर्ताओं को तैयारी में जुट जाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि झामुमो की पूर्व विधायक सीता सोरेन इस बार लोकसभा चुनाव में भाजपा में शामिल हो गई है और यह सीट वर्तमान में खाली है। बैठक में प्रखंड कांग्रेस कमेटी जामा की ओर से यह मांग की गयी कि गठबंधन के तहत यह सीट कांग्रेस कोटे को दिया जाय। कांग्रेस यहां मजबूत स्थिति में है। 2009 के चुनाव में कांग्रेस के प्रत्याशी डॉ. सुशील मरांडी ने यहां सम्मानजनक वोट प्राप्त किया था। वर्तमान समय में हेमंत सरकार द्वारा जो योजनायें झारखंड वासियों के लिए चलायी गयी है वह मील का पत्थर सबित हो रही है। इस मौके पर आनंद पंडित, कलाम अंसारी, हैदर अंसारी, मोहम्मद अनवर, उदय मोहली, अकबर भाट, रोहित मिश्रा, छोटेलाल मरांडी, फ्रांसिस मुर्मू मुन्ना दर्वे सहित अन्य कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### उपायुक्त ने की अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक

**दुमका:** राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना के तहत जिले भर में लगाए गए कैंप के सफल संचालन सुनिश्चित करने को लेकर उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे की अध्यक्षता में वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक की गई। उपायुक्त ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा महिलाओं के हित में इस योजना का संचालन किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य महिलाओं का सर्वांगीण विकास है। उन्होंने कहा कि शिविर में पहुंचने वाली आवेदिकाओं को किसी प्रकार की कोई परेशानी न हों यह सुनिश्चित करें। उन्होंने फॉर्म ऑनलाइन अपलोड करने में आ रही तकनीकी समस्या की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया। साथ ही सभी संबंधित पदाधिकारियों को सुव्यवस्थित तरीके से आवेदन जमा करने का निर्देश दिया। कहा कि यह जांच जरूर कर ले कि आवेदक को किसी और पेंशन योजना का लाभ न मिल रहा हो। किसी भी पंचायत के कैंप में शिकायत आती है तो उस पर त्वरित कार्रवाई करें। ऑनलाइन बैठक में उप विकास आयुक्त, सहायक समाहर्ता, निदेशक डीआरडीए सहित अन्य पदाधिकारी जुड़े हुए थे।

### फॉर्म भरने की तिथि की घोषणा

**दुमका:** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय ने सोमवार को कुल 5 परीक्षाओं के लिए ऑनलाइन फॉर्म भरने की तिथि घोषित कर दी है। उक्त परीक्षाओं में बीबीए और बीसीए सेमेस्टर-3 और सेमेस्टर-6 के साथ-साथ एमएड सेमेस्टर-4 भी शामिल है। कुलपति प्रो. बिमल प्रसाद सिंह के निर्देश पर सोमवार को विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ. जय कुमार शाह ने उक्त परीक्षा फॉर्म भरने से संबंधित अधिसूचना जारी कर दी है। बीबीए और बीसीए सेमेस्टर-3 और सेमेस्टर-6 तथा एमएड परीक्षा में शामिल होने वाले छात्र 10 से 17 अगस्त तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं, तथा 19 अगस्त तक परीक्षा फॉर्म की हार्ड कॉपी संबंधित कॉलेज में जमा कर सकते हैं। छात्र विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट से परीक्षा फॉर्म भरने से संबंधित अधिसूचना डाउनलोड कर सकते हैं।

### अवैध कारोबार पर लगातार हो रही है कार्रवाई

**साहिबगंज:** अवैध कारोबार को लेकर साहिबगंज जिला हमेसा चर्चा में रहता है। वही आज सुबह अनुमंडल पदाधिकारी अंगार नाथ स्वर्णकार ने तीन ओवरलोड अवैध बालू से भरा हुआ ट्रक को पकड़ा। अनुमंडल पदाधिकारी ने सभी ट्रैकों को बोरियो थाना क्षेत्र के अलग-अलग स्थानो से पकड़ा जिनका नंबर जेएच10सीडी 4636,जेएच18एम3126 और बीआर10ऋ्बी3985 है। तीनो ट्रक को बोरियो थाना के हवाले किया और समाचार लिखे जाने तक आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## नि:शुल्क डाक बम सेवा शिविर का आयोजन



**जामा:** सोमवार को अहले सुबह डाक बम की सेवा के लिए भागलपुर-बासुकीनाथ मार्ग पर धावाटांड़ हंसडीहा में बम बासुकी डाक सेवा समिति हल्दीपट्टी जामा के द्वारा निःशुल्क डाक शिविर लगाया गया। समिति के संस्थापक ललन कुमार ने बताया गया कि सावन के पावन महिना में कठिन परिश्रम से डाक बम द्वारा बाबा बासुकीनाथ धाम में जलाभिषेक करते हैं। इस राह को आसान करने में युवा साथियों का सहयोग काफी मददगार साबित होता है। वर्ष 2013 से हर साल डाक बम की सेवा के लिए वह बाबा बासुकीनाथ के रास्ते में निःशुल्क शिविर का आयोजन करते हैं। डाक बम के लिए गर्म पानी, ठंडा पानी, नीबू पानी, चाय, फल तथा बाम, स्फ्रे दवाई का इंतजाम करते हैं। शिविर को सफल बनाने में बबलू यादव, विजय, गोविंदा, मिथलेश, धर्मराज, नीलकंठ, जटाशंकर यादव, गनवा यादव, विष्णु, उत्तम शालेंद्र, अजय यादव, टेंपू,अनंत लवलेश, शरद समेत दर्जनों युवकों शामिल थे।

## स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर आयोजित होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा बैठक



**साहिबगंज:** विकास भवन सभागार में उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा की अध्यक्षता में 15 अगस्त के स्वतंत्रता दिवस समारोह व 14 अगस्त की संध्या में आयोजित होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम की तैयारी की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों से जुड़े प्रतिनिधि उपस्थित थे।उपविकास आयुक्त ने तैयारियों का जायजा लेते सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि स्वतंत्रता दिवस समारोह को भव्य और सफल बनाने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को समय पर पूर्ण किया जाए। उन्होंने सांस्कृतिक कार्यक्रम की रूपरेखा पर चर्चा की और कार्यक्रम को आकर्षक एवं अनुशासित तरीके से संपन्न कराने के लिए आवश्यक दिशानिर्देश दिए।

बैठक में सुरक्षा यातायात व्यवस्था साफ-सफाई, मंच सजावट ध्वनि व्यवस्था आदि पर विशेष जोर दिया गया। उप विकास आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि सभी तैयारियाँ सुव्यवस्थित और समयबद्ध तरीके से पूर्ण हों। साथ ही 14 अगस्त की संध्या में आयोजित होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रतिभागियों के अभ्यास और उनकी प्रस्तुति की भी समीक्षा की गई।इस अवसर पर उप विकास आयुक्त ने सभी अधिकारियों और कार्यक्रम से जुड़े सदस्यों को स्वतंत्रता दिवस समारोह की महत्ता के बारे में बताया और सभी से इस आयोजन को सफल बनाने में पूर्ण सहयोग की अपील की।

## कुछ महीने से पैसों को लेकर मेरे साथ लगातार मारपीट की जा रही हैं: पीड़ित

**साहिबगंज :** नगर थाना क्षेत्र के हबीबपुर निवासी मैरी मुर्मू को उसके पति सोबराती अंसारी ने मारपीट कर बूरी तरह से जख्मी कर दिया।घायल अवस्था में ही अपनी शिकायत को लेकर नगर थाना पुलिस के पास पहुंची। जहां नगर पुलिस ने इलाज के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। घायल महिला मैरी ने बताया कि मैं हबीबपुर में एक भाड़े के मकान पर रहती हूं। 9 वर्ष पहले मुझे पाकुड़ से तालझाड़ी बिशनपुर निवासी सोबराती अंसारी शादी का झांसा देकर भगा कर लाया था। हर दो महीने में मिलने आता हैं। लेकिन कुछ महीनो से पैसे को लेकर मेरे साथ लगातार मारपीट कर रहा है।बताई कि मैं एक दुकान में काम कर अपना जीवन यापन करती हूं । रविवार की रात्रि सोबराती मेरे घर आया और मेरे साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट किया और मेरा 10 हजार रूपया भी छीन लिया। मारपीट के दौरान मेरा सिर फट गया और मैं गंभीर रूप से घायल हो गई। अपनी जान बचाकर नगर थाना पुलिस के पास पहुंची जहां नगर पुलिस ने इलाज के लिए सदर अस्पताल भेज दिया जहां डॉक्टर ने मेरी प्राथमिक उपचार किया। बिधाननगर थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही हैं।

## मासिक बुजुर्ग स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



**साहिबगंज:** वृद्धाश्रम में स्वास्थ्य विभाग की ओर से डॉ मोहन मुर्मू के नेतृत्व में मासिक बुजुर्ग स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें वृद्धाश्रम में सभी बुजुर्गों की स्वास्थ्य से संबंधित जांच की गई। जिसमें शुगर, ब्लड प्रेशर होमो ग्लोबिन जांच हुई। साथ ही सभी को दवा भी उपलब्ध कराया गया। इसी दौरान डॉक्टर मोहन मुर्मू ने बताया कि सभी बुजुर्गों की स्वास्थ्य जांच किया गया है सभी लगभग ठीक-ठाक हैं। शुगर मरीजों और हाइपरटेंशन ब्लडप्रेशर के मरीजों को नियमित रूप से दवा लेने एवं नियमित रूप से जांच करने को कहा गया है।बताया गया कि यह शिविर नियमित रूप से हर महीना के तीसरा शनिवार को किया जाना है। मौके पर लैब टेक्नीशियन मो. मजहर एवं नंदन कुमार एवं फिजियोथैरेपिस्ट उपस्थित थे।

## आरसेटी आरएसईटीएल में दिया जा रहा है मशरूम की खेती का व्यावहारिक प्रशिक्षण




**साहिबगंज:** जिला अंतर्गत प्रिमिटिव वल्नरेबल ट्राइबल ग्रुप पीभीटीजी के तीसरे बैच के प्रशिक्षुओं को आरसेटी आरएसईटीएल में मशरूम की खेती का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम आत्मनिर्भरता और रोजगार सृजन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।जिसका उद्देश्य आदिवासी समुदाय के लोगों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है।आरसेटी में प्रशिक्षुओं को मशरूम की खेती के विभिन्न चरणों के बारे में विस्तृत जानकारी दी जा रही है। जिसमें बीज की बुवाई, खाद्य सामग्री की तैयारी, वातावरण की देखभाल, और कटाई की प्रक्रियाएँ शामिल हैं। विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षुओं को यह भी सिखाया जा रहा है। कि कैसे मशरूम की गुणवत्ता बनाए रखी जाए और बाजार में इसके विपणन के लिए रणनीतियाँ अपनाई जाएं।प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे एक प्रशिक्षु ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा, यह प्रशिक्षण हमारे लिए एक नई दिशा प्रदान कर रहा है। हमें उम्मीद है। कि हम इससे आत्मनिर्भर बन सकेंगे और अपने समुदाय के लोगों को भी इसके लिए प्रेरित कर सकेंगे।

# श्री श्री सार्वजनिक बिंदूधाम मंदिर सेवा समिति द्वारा भव्य भक्ति जागरण कार्यक्रम का आयोजन

**अतिथियों को किया गया सम्मानित ◀ मनमोहक धार्मिक गीतों और अभिनयों पर झुमें श्रद्धालु**



**साहिबगंज/पतना:** पतना प्रखण्ड अंतर्गत को श्री श्री सार्वजनिक बिंदूधाम मंदिर सेवा समिति द्वारा भक्ति जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया,श्रावण मास के इस पावन अवसर पर समिति द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति इन वर्ष भी कांवरियाँ सेवा शिविर में विभिन्न मूलभूत सुविधाओं के साथ साथ भक्ति जागरण कार्यक्रम का आयोजन दूर दूर से आने जाने वाले श्रद्धालुओं के भक्ति भाव के मद्देनजर अयोजित किया जाता है। सोमवार को बिंदूधाम मंदिर सेवा समिति भक्ति जागरण का शुभारंभ झारखंड मुक्ति मोर्चा व समाजसेवी संजय गोश्वामी,शहवाज अंसारी,ऋषि गुप्ता,बरहरवा थाना प्रभारी सुमित कुमार सिंह,रांगा थाना प्रभारी अखिलेश कुमार यादव व स्थानीय संत गांगा बाबा द्वारा संयुक्त रुप से की गई।कार्यक्रम के प्रारंभ में श्री हरि सार्वजनिक बिंदूधाम मंदिर सेवा समिति के कार्यकारी अध्यक्ष अहक्तिनाथ अमन व महासचिव दिनेश कर्मकार ने सभी अतिथियों को अंगवस्त्र एवं माता बिन्दुवासिनी की मनमोहक तस्वीर देकर सम्मानित किया।तत्पश्चात भगवान शिव एवं धार्मिक गीतों एवं कलाकृतियों के साथ भक्ति जागरण किया गया,जागरण कार्यक्रम सुबह 10 बजे से लेकर रात्रि के 8 बजे तक संचालित की गई ,जागरण के लिए बंगाल एवं अन्य स्थानों से आये धार्मिक कलाकारों ने अपने मनमोहक गीतों और कलाओं से श्रद्धालुओं एवं स्थानीय लोगों को भक्तिभाव में विभोर कर दिया लोगों ने झूम झूम कर धार्मिक गीतों में नाच गाना कर आनंद लिया,दूर दूर विभिन्न राज्यों से आये श्रद्धालुओं ने खूब आनंद उठाया एवं कलाकारों के धार्मिक अभिनयों को सराहा,माता दुर्गा जागरण ,भिलेनाथ शिव सम्भु एवं पार्वती के कलाकृति अभिनय लोगों को धार्मिक भावनाओं और आस्था को मजबूत करने के साथ साथ आनंदित भी किया,ज्ञात हो कि प्रत्येक वर्ष श्री श्री बिंदूधाम मंदिर सेवा समिति द्वारा रामनवमी महोत्सव एवं श्रावण मास में कांवरियाँ सेवा शिविर व भक्ति जागरण कार्यक्रम का आयोजन निःशुल्क और सेवा भाव से किया जाता है। जिसमें समिति के लोगों के साथ स्थानीय लोग भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते है।मौके पर श्री श्री सार्वजनिक बिंदूधाम मंदिर सेवा समिति के कार्यकारी अध्यक्ष शक्तिनाथ अमन,महासचिव दिनेश कर्मकार,बलराम साहा,नीलकंठ साहा,जितेंद्र यादव,मनीष झा,डॉ भरत,प्रभु सहित कमिटि के सभी सदस्यगणों के साथ साथ भारी संख्या श्रद्धालुगण उपस्थित थे।



## काजोल संग सेल्फी के लिए फैंस में मची होड़, मीडिया यूजर्स बोले- अजय सर को मदद के लिए..

**बॉलीवुड** की चुलबुली और टैलेंटेड एक्ट्रेस काजोल ने बीते दिन अनपा 50वां बर्थडे मनाया। काजोल को सोशल मीडिया पर उनके फैंस, दोस्त, शुभचिंतकों और फैमिली से खूब सारा प्यार मिला। उनके पति और एक्टर अजय देवगन ने अपनी वाइफ के नाम प्यारा सा पोस्ट लिखा। साथ ही क्यूट सा मैसेज भी लिखा। वहीं, एक्ट्रेस ने मुंबई स्थित अपने बंगले से बाहर कदम रखा और फैंस के साथ बर्थडे सेलिब्रेट किया। उन्हें विश करने के लिए फैंस और पैपराजी की भीड़ लग गई।

**भीड़ से घिरी दिखीं काजोल:** काजोल का वीडियो विरल भयानी ने अपने इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया है। वीडियो में वह अपन फैंस से घिरी दिख रही है। एक्ट्रेस ने केक भी काटा और साथ ही फैंस को ऑटोग्राफ भी दिया। उनके साथ फोटोज क्लिक करवाने के लिए फैंस बेताब दिखे। उनसे हर कोई हाथ मिलाना चाहता था और ऑटोग्राफ भी लेना चाहता था। हालांकि इतने भीड़ में भी एक्ट्रेस बहुत शांत नजर आई और इतना प्यार दिखाने के लिए थैंक्यू कहा। वीडियो तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

## केबीसी 16: हॉटसीट पर पहुंची दिपाली ने अमिताभ बच्चन को किया परेशान, रखी ये फरमाइश, बिग बी बोले- आपने कुछ..



**क्विज** शो कौन बनेगा करोड़पति सीजन 16 को टीवी पर देखने के लिए तैयार हो जाए। अमिताभ बच्चन फिर से दर्शकों के साथ ये खेल खेलने लौट रहे हैं। शो कब से आएगा और नये प्रोमो में क्या है, आपको बताते हैं। अमिताभ बच्चन का क्विज शो कौन बनेगा करोड़पति सीजन 16 शुरू होने वाला है। 12 अगस्त से केबीसी शुरू जाएगा और आप इसे सोनी टीवी पर देख सकते हैं। मेकर्स लगातार शो के प्रोमोज शेयर कर रहे हैं और दर्शकों को उत्साहित कर रहे हैं। हाल ही में बिग बी ने केबीसी के सेट से फोटोज शेयर किया था। इसके अलावा उन्होंने अपने ब्लॉग में शो में आने वाले कंटेस्टेंट को लेकर बात की थी। इस बीच नया प्रोमो सामने आया है।

**कौन बनेगा करोड़पति सीजन 16 का नया प्रोमो कब आएगा? :** कौन बनेगा करोड़पति सीजन 16 का नया प्रोमो सोनी टीवी ने अपने इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर दिया है। प्रोमो शेयर कर चैनल ने लिखा, आ रहा है केबीसी लेकर नए एपिसोड्स और अमिताभ बच्चन जी के साथ कुछ मजेदार पल!

**कौन बनेगा करोड़पति सीजन 16 के प्रोमो में क्या है? :** केबीसी 16 के नये प्रोमो में हॉटसीट पर कंटेस्टेंट दीपाली सोनी बैठी दिख रही है। दीपाली बिग बी से एक ऑडियो रिकॉर्ड करने के लिए कहती है। इसमें दीपाली उन्हें अपना नाम प्यार से रिकॉर्ड करने के लिए कहती है, ताकि वो इसका कॉलर ट्यून बना पाए। उसकी इस फरमाइश पर बिग बी मजेदार जवाब देते हैं।

**कंटेस्टेंट दीपाली सोनी को बिग बी ने क्या दिया जवाब? :** दीपाली सोनी ने बिग बी को अपना नाम प्यार से कहने बोला। उसके बाद वो उनसे कहती है, सर थोड़ा डॉन स्टाइल में हो सकता है क्या। जिसके बाद एक्टर कहते हैं, मैं हूं दीपाली सोनीङ्क इसके बाद दीपाली उन्हें फिर टोक देती और कहती है, एक और बार सर। जिसपर बिग बी कहते हैं, इसके बाद अगर आपने कुछ और बोला तो मैं कैंसिल कर दूंगा।

## जब विक्की कौशल की मां ने उड़ाया उनकी तोंद का मजाक, भाई सनी ने शेयर किया मजेदार किस्सा



**विक्की** कौशल और सनी कौशल आपस में एक बहुत ही खूबसूरत बॉन्ड शेयर करते हैं। दोनों की ट्यूनिंग जबरदस्त है। कई इंटरव्यूज में आपको ये देखने को भी मिला होगा जहां इन लोगों ने एक दूसरे की फनी बातें फैंस के साथ शेयर की थीं। हाल ही में एक इंटरव्यू में सनी कौशल के मोस्ट डिजायरेबल मैन का अवार्ड जीतने का एक मजेदार किस्सा सुनाया।

**मां ने किया फनी कमेंट:** सनी ने बॉलीवुड हंगामा से हुई बातचीत में बताया कि जब विक्की कौशल अमेरिका से लौटे थे तो उन्हें ये टाइटल दिया गया था। उनका वजन काफी बढ़ गया था। सनी ने बताया कि विक्की अपने नए अमेरिकी दोस्तों के साथ पिज्जा और आइसक्रीम काफी ज्यादा खाया करते थे जिसकी वजह से वो इतने ज्यादा मोटे हो गए थे। तभी एक इंटरव्यू में विक्की की मां उनकी फोटो देखी और एक इंडियन मॉम की तरह मस्त सा कमेंट मारा। मां ने पंजाबी में कहा, एनु देखो, मोस्ट डिजायरेबल बैठा है तोंद काढ़ के (देखो कैसे बैठा है मोस्ट डिजायरेबल मैन,पेट निकाल के)।

बता दें कि ये पहली बार नहीं है जब कौशल ब्रदर्स ने अपने बचपन के किस्से सुनाकर जनता को हंसाया हो। इससे पहले भी कपिल शर्मा के शो पर वो ऐसे किस्से शेयर कर चुके हैं। सनी ने बताया कि बचपन में वो और विक्की अपनी मां से बहुत पिटाई खा चुके हैं।

**कौशल ब्रदर्स के आने वाले प्रोजेक्ट:** विक्की और सनी एक्शन डायरेक्टर शाम कौशल के बेटे हैं। फिल्म इंडस्ट्री में उन्होंने अपने दम पर एक अलग जगह बनाई है। सनी कौशल की फिल्म फिर आई हसीन दिलरुबा नेटफ्लिक्स पर रिलीज के लिए तैयार हैं,वहीं विक्की अपनी आगामी फिल्म छावा में व्यस्त हैं। इस मूवी में वो रश्मिका मंदाना के साथ नजर आएंगे।

# आज एक्शन में दिखेंगे गोल्डन ब्वॉय नीरज चोपड़ा




**पेरिस:** भारत के भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा का पेरिस ओलंपिक 2024 में अभियान छह अगस्त से शुरू होना है। उन्होंने टोक्यो ओलंपिक में भारत को गोल्ड मेडल दिलाया था। ऐसे में अब एक बार फिर वह भारत को पदक दिला सकते हैं।

पूरे भारत को उनसे काफी उम्मीदें हैं। नीरज चोपड़ा एक बार फिर अपने दूसरे ओलंपिक में इतिहास रचने को तैयार हैं। नीरज की अप्रतिम निरंतरता की एक बार फिर परीक्षा होगी, क्योंकि पूरे सत्र में वह जांघ के भीतरी हिस्से की मांसपेशी में (एडक्टर) परेशानी से जूझते आए हैं। वह मंगलवार को क्वॉलिफिकेशन दौर में उतरेंगे और फाइनल आठ अगस्त को खेला जाएगा



## भारत की महिला टेबल टेनिस टीम क्वार्टर फाइनल में

**एजेंसी/पेरिस:** भारतीय स्टार मनिका बत्रा ने दबाव में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए महिला टेबल टेनिस टीम को रोमानिया पर 3-2 से जीत दिलाई और पेरिस 2024 ओलंपिक के क्वार्टर फाइनल में स्थान सुनिश्चित किया। बत्रा के असाधारण प्रदर्शन, जिसमें दो महत्त्वपूर्ण जीत शामिल हैं, ने दृढ़ रोमानियाई पक्ष पर काबू पाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई।

श्रीजा अकुला-अर्चना कामथ और मनिका बत्रा ने मुकाबले के पहले दो मैच जीतकर भारत को 2-0 की बढ़त दिला दी। हालांकि, रोमानिया ने अगले दो मैच जीतकर निर्णायक मुकाबला कराने पर मजबूर कर दिया। बत्रा ने पांचवें मैच में एडिना डायकोनू को 11-5, 11-9, 11-9 से हराकर मुकाबला बराबरी पर ला दिया। महिला टीम टेबल टेनिस क्वार्टर फाइनल में भारत का सामना यूएसए या जर्मनी से होगा।

इंजर्ड होकर हारीं निशा दहिया: 68 किलो ग्राम भारवर्ग में भारतीय महिला पहलवान निशा दहिया क्वार्टर फाइनल का मुकाबला हार गईं। नॉर्थ कोरिया की पाक सोल गम के खिलाफ फ्री स्टाइल मुकाबले में निशा अपना कंधा इंजर्ड करवा बैठीं। दर्द के बावजूद वह खेलती रहीं, लेकिन अपना शत-प्रतिशत नहीं दे पाई और 8-2 से लीड लेने के बावजूद चूक गईं। इससे पहले निशा यूक्रेन की रेस्लर को 6-4 से हराकर क्वार्टर फाइनल में पहुंची थीं।

## जुलाई आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ नॉमिनेशन में तीन भारतीय



**एजेंसीं/ दुबई:** जुलाई, 2024 के लिए आईसीसी ने प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड के लिए मेन्स और वूमन्स क्रिकेट से तीन-तीन नाम नॉमिनेट किए हैं। जून महीने का आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने जीता था। मेन्स क्रिकेट से तीन नाम जो नॉमिनेट किए गए हैं, उसमें एक नाम भारतीय क्रिकेटर का भी शामिल है। वहीं महिला क्रिकेट की बात करें तो तीन में से दो नाम भारतीय क्रिकेट टीम से हैं। मेन्स क्रिकेट में भारत के वॉशिंगटन सुंदर के अलावा इंग्लैंड के तेज गेंदबाज गस एटिंक्टसन और स्कॉटलैंड के चार्ली कैसेल को इस अवॉर्ड के लिए नॉमिनेट किया गया है।

वहीं महिला क्रिकेट की बात करें तो भारत की दोनों स्टार सलामी बैटर स्मृति मंधाना और शफाली वर्मा को नॉमिनेट किया गया है, जबकि श्रीलंका की कप्तान चमारी अट्टापट्टू भी नॉमिनेट की गई हैं। एटिंक्सन को विंडीज के खिलाफ टेस्ट सीरीज में दमदार प्रदर्शन करने के लिए नॉमिनेट किया गया है। श्रीलंका को एशिया कप चैंपियन बनाने में चमारी अट्टापट्टू का रोल सबसे ज्यादा अहम था।

## इंग्लैंड के पूर्व बल्लेबाज ग्राहम थॉर्प का निधन

**लंदन:** इंग्लैंड पूर्व बल्लेबाज ग्राहम थॉर्प का निधन हो गया है। वह 55 वर्ष के थे। इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड ने थॉर्प के निधन की पुष्टि करते हुए कहा, हम अत्यंत पीड़ा के साथ यह सूचित कर रहे हैं कि ग्राहम थॉर्प का निधन हो गया है। उनकी निधन से लगे सदमे को बयां करने के लिए हमारे पास शब्द नहीं हैं। इंग्लैंड के बेहतरीन बल्लेबाजो में से एक होने के अलावा वह क्रिकेट परिवार के प्यारे सदस्यों में से एक थे। उनकी प्रतिभा का हर कोई लोहा मानता था। अपने 13 वर्ष के करियर के दौरान उन्होंने अपने खेल से इंग्लैंड अपने साथियों और सरी के समर्थकों को खुश होने के कई अवसर दिए। इसके बाद कोच के तौर पर उन्होंने इंग्लैंड की सीनियर पुरुष टीम को अलग अलग प्रारूपों में सफल भी बनाया। थॉर्प ने इंग्लैंड लिए 1993 से 2005 के बीच 100 टेस्ट मैच खेले। उन्होंने टेस्ट करियर में 16 शतक के साथ 6744 रन बनाए। थॉर्प ने इंग्लैंड के लिए 82 एक दिवसीय मैच भी खेले। उन्होंने सीनियर पुरुष टीम के बल्लेबाजी कोच की भूमिका भी अदा की थी। वर्ष 2022 में अफगानिस्तान के मुख्य कोच के पद के लिए नामित होने के बाद ही वह गंभीर रूप से बीमार पड़ गए थे।



**इंग्लैंड के बेहतरीन बल्लेबाजो में से एक होने के अलावा वह क्रिकेट परिवार के प्यारे सदस्यों में से एक थे। उनकी प्रतिभा का हर कोई लोहा मानता था। अपने 13 वर्ष के करियर के दौरान उन्होंने अपने खेल से इंग्लैंड अपने साथियों और सरी के समर्थकों को खुश होने के कई अवसर दिए।**

# सारा अली खान की फिल्म,ऐ वतन मेरे वतन का टीजर रिलीज




**मुंबई:** बॉलीवुड अभिनेत्री सारा अली खान की आने वाली फिल्म ऐ वतन मेरे वतन का टीजर रिलीज हो गया है। करण जौहर के धर्माटिक एंटरटेनमेंट प्रोडक्शन के बैनर तले बनी फिल्म ऐ वतन मेरे वतन में सारा अली खान की मुख्य भूमिका है। ऐ वतन मेरे वतन की कहानी उस हीरो की है, जिसके रेडियो ने ब्रिटिश राज को हिलाकर रख दिया था। करण जौहर ने अपने सोशल मीडिया पर ऐ वतन मेरे वतन पर एक अपडेट पोस्ट किया।

वीडियो में करण जौहर ने भारत के कुछ भूले-बिसरे हीरोज और उनकी अनकही कहानियों के बारे में बात की है। वह दर्शकों को 22 वर्षीय उषा नाम की एक साहसी लड़की से परिचित कराते हैं, जो 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान ब्रिटिश राज के खिलाफ देश को एक साथ लाने के लिए एक अंडरग्राउंड रेडियो स्टेशन चलाती है और अपने देश के लिए खड़ी होती है।

करण जौहर कहते हैं, शेरशाह के पीवीसी कैप्टन विक्रम बत्रा, जिन्होंने अपने दुश्मनों के दिलों में डर पैदा किया और कारगिल युद्ध में अपनी जान दे दी और राजी से सहमत सैयद, जिन्होंने जासूसी करने के लिए पाकिस्तानी सेना परिवार में शादी की। 21 मार्च को ऐ वतन मेरे वतन ऑन प्राइम में इस गुमनाम हीरो की कहानी देखें।

कन्नन अय्यर के निर्देशन में बनी ए वतन मेरे वतन में सारा अली खान के अलावा सचिन खेडेकर, अभय वर्मा, स्पर्श श्रीवास्तव, एलेक्स ओह्ननील और आनंद तिवारी भी हैं। ऐ वतन मेरे वतन को करण जौहर, अपूर्व मेहता और सोमेन मिश्रा ने बनाया है। ऐ वतन मेरे वतन 21 मार्च को प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी।




## पाकिस्तानी स्टार्स के बॉलीवुड में काम न करने पर सना सईद ने तोड़ी चुप्पी, कहा- 'यह समय की बात है'

**पाकिस्तान** की मशहूर अदाकारा सनम सईद की फैन-फॉलोइंग भारत में भी कम नहीं है। सालों पहले जिंदगी चैनल पर आया उनका और फवाद खान का सीरियल जिंदगी गुलजार है भारत में खूब पसंद किया गया था। फवाद ने तो बॉलीवुड फिल्मों में भी काम किया है, लेकिन सनम ने हिंदी फिल्मों में काम नहीं किया है। हाल ही में, उन्होंने पाकिस्तानी स्टार्स के भारत में काम न करने को लेकर बात की है। साल 2016 की बात है, जब उरी हमले की वजह से भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव हद से ज्यादा बढ़ गया जिसका प्रभाव मनोरंजन जगत में भी देखने को मिला। बॉलीवुड में पाकिस्तानी स्टार्स की एंट्री बैन हो गई। हाल ही में, सनम सईद और फवाद खान की सीरीज बरजख जिंदगी चैनल पर रिलीज हुई। एक हालिया इंटरव्यू में सनम सईद ने भारत में काम करने को लेकर चुप्पी तोड़ी है।

## अनंत अंबानी की प्री-वेडिंग में एक साथ आए बॉलीवुड के तीन खान, किया डांस

**अनंत** अंबानी और राधिका मर्चेंट की प्री-वेडिंग के पहले दिन इंटरनेशनल पॉप सिंगर रिहाना ने शिरकत की। दूसरे दिन बॉलीवुड एक्टर्स और खिलाड़ियों का जलवा देखने को मिला। शनिवार रात अनंता-राधिका की प्री-वेडिंग में कई एक्टर और एक्ट्रेस ने स्टेज पर धमाल मचाया। उनके कुछ इनसाइड वीडियो सामने आए हैं। दूसरे दिन के कार्यक्रम में दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह, नीता अंबानी और ईशा अंबानी ने डांस किया। इस इवेंट में बॉलीवुड के तीनों खान ने सबका ध्यान खींचा। सलमान खान, शाहरुख खान और आमिर खान ने एक साथ एक ही मंच पर डांस किया। तीनों ने एक-दूसरे के सिग्नेचर स्टेप्स भी किए। तीनों का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें वे सलमान खान के ह्यमुझसे शादी करोगीह्न में टॉवल स्टेप करते नजर आ रहे हैं। बाद में उन्होंने आमिर और शाहरुख के सिग्नेचर स्टेप को दोबारा बनाया। आमिर, सलमान और शाहरुख का डांस देख दर्शक तालियां बजा रहे थे। तीनों ने वहां मेहमानों का मनोरंजन किया।

# काशी विश्वनाथ मंदिर के पास स्थित 100 साल पुराना मकान गिरा, एक महिला की मौत, 6 घायल



**वाराणसी:** श्री काशी विश्वनाथ मंदिर के समीप येलो जोन में सोमवार देर रात दो पुराने मकान धराशायी हो गए। इनके मलबे में नौ लोग दब गए। तेज आवाज और घायलों की चीख पुकार सुन आसपास के लोग जुट गए। सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंची। पुलिस और एनडीआरएफ की टीम ने मलबे में दबे लोगों को निकाल कर कबीरचौरा स्थित मंडलीय अस्पताल पहुंचाया। वहां महिला प्रेमलता की मौत हो गई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जिला प्रशासन से घटना की जानकारी ली।

श्री काशी विश्वनाथ मंदिर के समीप खोवा गली में मणिकर्णिका द्वार के पास मनीष और राजेश गुप्ता के लगभग 70 साल पुराने मकान हैं। सोमवार देररात लगभग तीन बजे दोनों मकान की जर्जर दीवारें गिर गईं। मकानों के मलबे में तीन महिला और ड्यूटी पर तैनात एक पुलिसकर्मी समेत 9 लोग दब गए थे।

कमिश्नर कौशल राज शर्मा ने बताया कि मंडलीय कबीर चौरा अस्पताल में मलबे से निकालर कर भर्ती कराए गए लोगों में से एक महिला को चिकित्सकों ने मृत घोषित किया है। बचाव अभियान लगभग पूरा हो चुका है। हमारी प्राथमिकता मलबा साफ करना और इलाके के अन्य घरों में पानी और बिजली की आपूर्ति बहाल करना है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सुबह कमिश्नर कौशल राज शर्मा से फोन पर वार्ता कर जानकारी ली। मंडलायुक्त ने प्रधानमंत्री को एनडीआरएफ, फायर, पुलिस, प्रशासन द्वारा चलाये गए रेस्क्यू आपरेशन तथा घायलों के अस्पताल में कराये जा रहे इलाज की पूरी विस्तृत जानकारी दी। प्रधानमंत्री ने गिरे दोनों मकान में रह रहे सभी लोगों के संबंध में पूरी जानकारी प्राप्त करते हुए दुर्घटना में मृत महिला के प्रति अपनी संवेदना प्रकट की। प्रधानमंत्री ने मंडलायुक्त को घायल सभी लोगों के बेहतर इलाज के निर्देश दिए।

## प्रधानमंत्री ने वाराणसी में मकान गिरने की घटना में मंडलायुक्त से लिया पीड़ितों का हालचाल

### मंडलायुक्त ने कहा, रेस्क्यू आपरेशन खत्म, मलबे से निकाले गये आठ लोग

**वाराणसी:** विश्वनाथ मंदिर के पास ढहे दो मकान के संबंध में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दुखद घटना पर मंगलवार की सुबह मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा से फोन पर वार्ता करके जानकारी ली गयी। मंडलायुक्त द्वारा प्रधानमंत्री को एनडीआरएफ, फायर, पुलिस, प्रशासन द्वारा चलाये गए रेस्क्यू आपरेशन तथा घायलों के अस्पताल में कराये जा रहे इलाज की पूरी विस्तृत जानकारी प्रधानमंत्री को दी गयी। प्रधानमंत्री द्वारा रात्रि में गिरे दोनों मकान में रह रहे सभी लोगों के संबंध में पूरी जानकारी प्राप्त करते हुए दुर्घटना में मृत हुई महिला के प्रति अपनी संवेदना प्रकट की गयी। प्रधानमंत्री द्वारा मंडलायुक्त को घायल सभी नौ लोगों के बेहतर इलाज के निर्देश दिये गये हैं। इस घटना की जानकारी पर पूर्व मंत्री एवं विधायक नीलकंठ तिवारी अस्पताल पहुंचे। उन्होंने एक-एक कर सभी घायलों के पास पहुंचकर उनका हालचाल जाना।उन्होंने मंडलायुक्त व डॉक्टरों से बेहतर उपचार कराए जाने की बात कही। घायलों के परिवारीजनों से मिलकर उन्होंने आश्वस्त किया कि उनकी हर संभव मद्द व सहायता की जाएगी।

हादसे को लेकर वाराणसी के मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा ने बताया कि वाराणसी में चौक थाना क्षेत्र के खोया गली में राजेश गुप्ता व मनीष गुप्ता के जर्जर हो चुकी मकान बारिश के चलते गिर गये। मकानों के गिरने की सूचना पर रेस्क्यू आपरेशन करा के मलबे में दबे आठ लोगों को बाहर निकाला गया है। घायलों को कबीरचौरा के शिवप्रसाद गुप्त चिकित्सालय भिजवाया गया है। मंडलायुक्त ने बताया कि पूरे घटनाक्रम में छह लोगों का उपचार शिवप्रसाद गुप्त चिकित्सालय में चल रहा है। एक बच्चे की स्थिति नाजुक होने पर उसे ट्रामा सेंटर भिजवाया गया है। घटना में श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर की सुरक्षा में तैनात रही एक महिला सिपाही भी घायल हुई है, जिसका उपचार चल रहा है। वहीं एक महिला की मौत हो गई है। उन्होंने बताया कि घटना के बाद मौके से मलबा हटाने के लिए नगर निगम की टीम पहुंच चुकी है। रेस्क्यू आपरेशन करने वाली एनडीआरएफ की टीम अपना कार्य पूर्ण कर चुकी है। क्षेत्र में अव्यवस्था को रोकने के लिए मौके पर पहुंची वाराणसी पुलिस ने जिम्मा सम्भाल लिया है।

न्यूज ब्रीफ



## बांग्लादेश से भारत लाए गए 190 ट्रक चालक, चंगराबांधा बॉर्डर सील

**कूचबिहार:**पड़ोसी देश बांग्लादेश की अशांति की आंच पश्चिम बंगाल पर पर न पड़े इसके लिए बीएसएफ कड़ी निगरानी रख रही है। राज्य पुलिस भी सक्रिय है। केंद्र सरकार ने कूचबिहार में चंगराबांधा बॉर्डर को सील कर दिया है। बांग्लादेश गए 190 ट्रक ड्राइवरों को सोमवार शाम चंगराबांधा सीमा से होकर भारत लाया गया। उल्लेखनीय है कि सोमवार सुबह से बांग्लादेश के साथ उत्पादों का आयात-निर्यात बंद कर दिया गया था। शाम को 190 ट्रक ड्राइवरों को बांग्लादेश से भारत वापस लाया गया। मगर अभी भी कुछ ट्रक ड्राइवर वहां फंसे हुए हैं। कई बांग्लादेशी ट्रक ड्राइवर भी भारत में फंसे हुए हैं। कूचबिहार के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सनातन गराई ट्रक चालकों को भारत वापस लाए जाने के बाद की पुष्टि की। इस बीच, भारत-बांग्लादेश सीमा पर कड़ी सुरक्षा है। उत्तर में चंगराबांधा, दक्षिण में हिली से संदेशखाली तक, हर जगह कड़ा पहरा है। पेट्रापोल बॉर्डर पर भारतीय सेना सक्रिय है। नदिया के छपरा बॉर्डर पर भी कड़ी निगरानी है।

## पेड़ से टकराई स्कूल वैन, एक बच्चे की मौत, तीन घायल

**चंडीगढ़:** पंजाब के लुधियाना जिले के जगरांव में मंगलवार को एक अनियंत्रित स्कूल वैन पेड़ से टकरा गई। हादसे में अखाडा गांव के एक बच्चे की मौत हो गई और तीन बच्चे घायल हो गए। घायलों को जगरांव व लुधियाना के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। इस वैन में गांव अखाडा और अन्य गांवों के बच्चे थे। वैन पेड़ से टकराने के बाद चकनाचूर हो गई। हताहत बच्चे के सिर का एक हिस्सा अलग हो गया। हादसे की जानकारी मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और अपने-अपने बच्चे लेकर घर चले गए। इस दौरान एक किलोमीटर तक जाम लग गया।

## एस्सिलोर ने विराट कोहली के साथ शुरू किया नया ब्रांड कैंपेन

**रांची :** दुनिया भर में प्रिस्क्रिप्शन लेंस के अग्रणी ब्रांड एस्सिलोर® ने अपने नए अभियान की शुरूआत की, जिसमें भारत के ब्रांड एंबेसडर विराट कोहली शामिल हैं। इस कैंपेन का उद्देश्य ब्रांड की स्थिति को मजबूत करना और दर्शकों को एस्सिलोर के बेहतर उत्पाद पेशकशों से जोड़ना है जो दृष्टि सुधार आवश्यकताओं के लिए समाधान प्रदान करते हैं। कैंपेन का पहला चरण आईजेन® पर केंद्रित है, जो एस्सिलोर® के सिंगल विजन लेंस हैं, विशेष रूप से उन लोगों के लिए जो लंबे समय तक डिजिटल उपकरणों का उपयोग करते हैं। कैंपेन फिल्म में कई परिदृश्यों को दिखाया गया है जहां लोग लंबे समय तक डिजिटल उपकरणों का उपयोग करते हैं और आंखों में थकान और परेशानी का अनुभव करते हैं। कोहली, जो खुद आईजेन® लेंस का उपयोग करते हैं, इस लेंस के फायदों की व्याख्या करते हुए नजर आते हैं, जिसमें वे बताते हैं कि कैसे ये लेंस डिजिटल स्क्रीन से होने वाली दृश्य थकान को कम करने और नीली-बैंगनी रोशनी को फि ल्टर करने के लिए डिजाइन किए गए हैं, जिससे आंखों को आराम और सुरक्षा मिलती है। कैंपेन का दूसरा चरण वैरिलक्स® के इर्द-गिर्द बनाया गया है, जो एस्सिलोर के प्रोग्रेसिव लेंस हैं, जो प्रिस्बायोपिया से संबंधित दृष्टि समस्याओं को ठीक करने के लिए उपयोग किए जाते हैं। अभियान फिल्म में विराट कोहली को उनके पुराने कोच के लिए वैरिलक्स® के प्रवर्तक और समर्थक के रूप में दिखाया गया है। फिल्म में दोनों एक रेस्तरां में बातचीत कर रहे हैं, जहां कोहली देखते हैं कि उनके कोच, जो नॉन-प्रोग्रेसिव लेंस पहने हुए हैं, डिजिटल उपकरण को करीब से देखने में संघर्ष कर रहे हैं। कोहली अपने कोच को वैरिलक्स® लेंस आजमाने का सुझाव देते हैं ताकि इस तरह की कठिनाइयों से बचा जा सके और बेहतर दृष्टि प्राप्त हो सके। फिल्म में एआई तकनीक और वैज्ञानिक दृष्टिकोण को प्रदर्शित किया गया है, जो वैरिलक्स® प्रोग्रेसिव लेंस की मदद से प्रिस्बायोपिया को ठीक करने के लिए उपयोग किया जाता है।

## टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने इनोवा हाइक्रॉस जेडएक्स और जेडएक्स (ओ) ग्रेड के लिए फिर से शुरू की बुकिंग

**रांची :** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने 1 अगस्त 2024 से इनोवा हाइक्रॉस जेडएक्स और जेडएक्स (ओ) मॉडल के लिए बुकिंग फिर से शुरू करने की घोषणा की है। लॉन्च (नवंबर 2022) के बाद से इनोवा हाइक्रॉस को ग्राहकों से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली है, इसे एक एसयूवी के आकार और एमपीवी की विशालता के साथ इसके अनुपात के लिए सराहा गया है। बहुमुखी इनोवा हाइक्रॉस, जो सेल्फ-चार्जिंग स्ट्रॉन्ग हाइब्रिड इलेक्ट्रिक वैरिएंट [एसएचईवी] के साथ-साथ गैसोलिन रूपांतर में उपलब्ध है, अपने ग्लैमर कोशंट, उन्नत टेक्नालॉजी, आराम, सुरक्षा सुविधाओं और ड्राइव करने के रोमांच के लिए मशहूर है। भारी मांग के कारण, टॉप एंड ग्रेड की बुकिंग को अस्थायी रूप से रोक दिया गया था। इस अवधि में, इनोवा हाइक्रॉस के अन्य ग्रेड, हाइब्रिड और गैसोलिन दोनों के लिए बुकिंग निरंतर जारी रही। सुव्यवस्थित और बढ़ी हुई आपूर्ति के साथ, प्रतीक्षा अवधि कम हो गई है और इनोवा हाइक्रॉस के शीर्ष ग्रेड की बुकिंग शुरू हो गई है। इस घोषणा पर टिप्पणी करते हुए, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के सेल्स-सर्विस-यूज्ड कार बिजनेस के वाइस प्रेसिडेंट, श्री सबरी मनोहर ने कहा, हम इनोवा हाइक्रॉस, जेडएक्स और जेडएक्स (ओ) के टॉप-एंड ग्रेड्स के लिए बुकिंग फिर से खोलने की घोषणा करते हुए रोमांचित हैं, जो 1 अगस्त 2024 से प्रभावी होगी। यह ग्राहकों की इच्छा पूरी करने के लिए हमारे विविध उत्पाद विकल्पों तक पहुंच प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इनोवा हाइक्रॉस एक बेहद मांग वाला मॉडल बन गया है, जिसे इसके बेजोड़ आराम और सुविधा के लिए सराहा जाता है। अपनी उन्नत तकनीक, मजबूत हाइब्रिड इलेक्ट्रिक सिस्टम और मजबूत डिजाइन के साथ, इनोवा हाइक्रॉस ने बाजार में नए मानक स्थापित किए हैं। हम इस उत्पाद पर अपने ग्राहकों द्वारा दी गई मजबूत स्वीकृति और विश्वास से सही अर्थों में खुश हैं। अस्थायी रोक की अवधि में हम अपने मूल्यवान ग्राहकों के धैर्य की सराहना करते हैं और उन्हें हुई असुविधा के लिए अफसोस जताते हैं। हमें यकीन है कि इनोवा हाइक्रॉस टॉप-एंड ग्रेड की बुकिंग फिर से शुरू होने से हमारे ग्राहकों के ड्राइविंग अनुभव और समृद्ध होंगे और तथा गतिशीलता आकांक्षाएं पूरी होंगी।

## जगदलपुर के नगरनार स्टील प्लांट में ब्लास्ट, चार कर्मचारी झुलसे, इनमें दो की हालत गंभीर

**जगदलपुर/रायपुर:** छत्तीसगढ़ में जगदलपुर के नगरनार स्टील प्लांट के हॉट स्ट्रिप मिल में ब्लास्ट होने से चार कर्मचारी झुलस गए हैं । इनमें से दो की स्थिति गंभीर है।दोनों को राजधानी रायपुर के मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। दो अन्य कर्मचारियों का इलाज जगदलपुर के महारानी अस्पताल के बर्न यूनिट में किया जा रहा है।

# थमा भारी बारिश का दौर, एक सप्ताह सिस्टम रहेगा कमजोर, 24.4 इंच गिरा पानी



**भोपाल:** मध्यप्रदेश में पिछले दो माह से लगातार बरस रहे मानसून पर ब्रेक लग गया है। प्रदेश में अब भारी बारिश का दौर अगले एक सप्ताह थमा रहेगा। मानसून ट्रफ के प्रदेश से ऊपर निकलने और साइक्लोनिक सकुर्लेशन के कमजोर होने से ऐसा होगा। अब तक प्रदेश में औसत 24.4 इंच बारिश हो चुकी है, जो सीजन की 65 प्रतिशत है। भोपाल, मंडला, सिवनी, नर्मदापुरम समेत 7 जिले ऐसे हैं, जहां पर 30 इंच से ज्यादा पानी गिर चुका है। मंडला में सबसे ज्यादा 36.67 इंच बारिश हो चुकी है।

मौसम विभाग के अनुसार, मानसून ट्रफ मध्यप्रदेश के ऊपर है। ईस्ट-वेस्ट ट्रफ भी गुजर रही है। ट्रफ साउथ राजस्थान से नॉर्थ केरल तक जा रही है। इस वजह से भारी बारिश का अलर्ट नहीं है। एक सप्ताह तक ऐसा ही दौर रहेगा। हालांकि प्रदेश में गरज-चमक की एक्टिविटी बनी रहेगी। इससे आकाशीय बिजली गिरने या चमकने के मामले बढ़े रहेंगे। इसलिए बिजली चमकने के दौरान लोगों से सुरक्षित स्थानों पर रहने की अपील की गई है।

गौरतलब है कि प्रदेश में पिछले एक सप्ताह से भारी बारिश का दौर चल रहा है। इससे प्रदेश के डैम-तालाबों में पानी छलक उठा तो नदियां भी उफान पर रही। सोमवार को भी बारिश से छोटी-बड़ी नदियां उफान पर रही। बरगी, बाणसागर, कलियासोत, भदभदा जैसे 10 बड़े बांधों के गेट खोलकर पानी छोड़ा जा रहा है। जबलपुर में बरगी बांध 94 प्रतिशत भर गया है। 17 गेट से पानी छोड़ा गया। सोमवार को भोपाल में दिनभर रिमझिम बारिश का दौर चला। शाम को भी कुछ देर के लिए तेज बारिश हुई। प्रदेश के पश्चिमी हिस्से यानी, भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, चंबल, उज्जैन और नर्मदापुरम संभाग में औसत से 26 प्रतिशत और पूर्वी हिस्से यानी, जबलपुर, रीवा, शहडोल और सागर संभाग में औसत से 19 प्रतिशत बारिश अधिक हो चुकी है। प्रदेश में सबसे ज्यादा बारिश मंडला जिले में 36.67 इंच हुई है, जो नॉर्मल बारिश से करीब 11 इंच अधिक है। इसके बाद सिवनी में 34.83 इंच, नर्मदापुरम-रायसेन में 33 इंच और भोपाल में 32 इंच से ज्यादा बारिश हो चुकी है। दतिया में सबसे कम औसत 13 इंच बारिश ही हुई है।

## मुठभेड़ में अंतर्जनपदीय अपराधी को लगी गोली पुलिस ने किया गिरफ्तार, दूसरा साथी फरार



**जौनपुर:** जिले में सोमवार देर रात सिकरारा व बक्सा थाने की संयुक्त पुलिस टीम के साथ वाहन चेकिंग के दौरान हुई मुठभेड़ में जौनपुर तथा अयोध्या के विभिन्न थानों में वांछित अंतर्जनपदीय अपराधी के पैर में गोली लगी है। उसे गिरफ्तार किया गया है। अपराधी के पास से एक तमंचा कारतूस पल्सर बाइक बरामद किया गया है।जबकि उसका एक साथी मौके से फरार हो गया है। पुलिस के अनुसार थाना सिकरारा क्षेत्र स्थित बरगुदर पुल के पास रजनीश यादव के पैर में गोली मारकर गिरफ्तार करने का दावा किया है। गिरफ्तार बदमाश अयोध्या का रहने वाला है। उसके पास से देशी तमन्चा.315 बोर कारतूस व एक पल्सर मोटर साइकिल बरामद किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त का जौनपुर तथा अयोध्या के कई थानो में अपराधिक इतिहास दर्ज है। इस संबंध में मंगलवार को जानकारी देते हुए अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण शैलेंद्र सिंह ने बताया की देर रात लगभग 11 बजे सिकरारा और बक्शा थाने की पुलिस बरगुदरपुल के पास संयुक्त रूप से वाहन और अपरधियो की चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान रात को लगभग 11.50 बजे बदमाश रजनीश यादव अपने साथी राजन सोनकर पुत्र राजेन्द्र सोनकर के साथ आता नजर आया। पुलिस ने रोकने का इशारा किया तो पुलिस टीम पर फायरिंग करते हुए भागने लगा। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की एक गोली रजनीश यादव के पैर में घुटने के नीचे लगी। वह गिर गया। दूसरा बदमाश भागने में सफल रहा गिरफ्तार बदमाश के पास से पुलिस ने असलहा आदि बरामद करते हुए उसका उपचार कराने के बाद विधिक कार्यवाई करके उसके खिलाफ थाना सिकरारा में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। गिरफ्तार बदमाश के खिलाफ आधा दर्जन मुकदमें दर्ज हैं।



## 1,873 अमरनाथ तीर्थयात्रियों का जत्था जम्मू से कश्मीर रवाना

**जम्मू:** जम्मू के भगवती नगर आधार शिविर से मंगलवार को 1,873 तीर्थयात्रियों का एक और जत्था कश्मीर के लिए रवाना हुआ। सोमवार को अनुच्छेद 370 के समाप्त किए जाने की पांचवी वर्षगांठ के चलते सुरक्षा कारणों से सभी आधार शिविरों से किसी भी यात्री को आगे बढ़ने की इजाजत नहीं दी गई थी। पिछले 38 दिनों में 5 लाख के करीब श्रद्धालुओं ने अमरनाथ की पवित्र गुफा में बाबा बर्फानी के दर्शन किए हैं। 1,873 श्रद्धालुओं के जत्थे में 1579 पुरुष, 202 महिलाएं, 65 साधु और 27 साध्वियां शामिल हैं। यह सभी 69 वाहनों से कड़ी सुरक्षा के बीच सुबह 3:30 बजे भगवती नगर यात्री निवास से बालटाल बेस कैंप के लिए रवाना हुए। अमरनाथ पवित्र गुफा कश्मीर हिमालय में समुद्र तल से 3,888 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है। श्रद्धालु पारंपरिक दक्षिण कश्मीर पहलगाम मार्ग या उत्तर कश्मीर बालटाल मार्ग से गुफा मंदिर तक पहुंचते हैं। पहलगाम-गुफा तीर्थस्थल की लंबाई 48 किलोमीटर है और तीर्थयात्रियों को तीर्थस्थल तक पहुंचने में 4-5 दिन लगते हैं। बालटाल-गुफा तीर्थस्थल की लंबाई 14 किलोमीटर है और तीर्थयात्रियों को दर्शन करने और बेस कैंप पर लौटने में एक दिन लगता है।

## मुक्ताकाशी मंच में ट्रांसजेंडर कलाकारों ने दिया दहेज उन्मूलन पर संदेश

**रायपुर:**राजधानी रायपुर के महंत घासीदास संग्रहालय के मुक्ताकाशी मंच में सोमवार की देर रात राज्यस्तरीय ट्रांसजेंडर सांस्कृतिक संध्या सांझ-6 का आयोजन किया गया। छत्तीसगढ़ इकलौता ऐसा राज्य है जहां ट्रांसजेंडर समुदाय की सांस्कृतिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य शासन द्वारा मंच प्रदान किया जाता है। इस कार्यक्रम का आयोजन संस्कृति व पुरातत्व विभाग तथा छत्तीसगढ़ मितवा संकल्प समिति के संयुक्त तत्वाधान में किया गया था। इस कायर्क्रम के मुख्य अतिथि विधायक पुरंदर मिश्रा तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में संचालक पुरातत्व एवं संस्कृति विभाग विवेक आचार्य उपस्थित थे। इसके साथ सहायक संचालक, संस्कृति व पुरात्तव विभाग तनुजा बघेल, विशेष अतिथि के रूप छत्तीसगढ़ किन्नर समाज की प्रमुख नगीना नायक, विशिष्ट अतिथि के रूप में सुनीता चंसोरिया, सहायक प्राध्यापक दुर्गा




महाविद्यालय तथा प्रीतम महानंद, सांसद प्रतिनिधि उपस्थित थे। कार्यक्रम सांझ -6 में तृतीय लिंग समुदाय के कलाकारों ने अपनी रंगारंग प्रस्तुतियां दी। दीप प्रज्ज्वल के पश्चात पहली एकल प्रस्तुत मीरा यादव द्वारा ओडीसी नृत्य के माध्यम से किया गया। पहली सामूहिक प्रस्तुति प्रतिमा ग्रुप द्वारा राजस्थानी नृत्य से कार्यक्रम की शुरूआत की गई। इसके बाद स्वरागिनी ग्रुप के कलाकारों ने भी राजस्थानी व छत्तीसगढ सुआ गीत, कर्मा गीत, ददरिया व होली के गीतों में अपनी प्रस्तुति देकर लोगों को झूमने को मजबूर कर दिया। तीसरी प्रस्तुति के रुप में रायपुर के युवराज बाध एवम साथी द्वारा कत्थक में शिव वंदना की प्रस्तुति दी गई। इसके साथ-साथ उन्होंने कत्थक तिहाई, परन और ठुमरी में अपने अंदाज से लोगों को दिल जीत लिया। उल्लेखनीय है कि युवराज बाध कत्थक नृत्य के क्षेत्र में गुररत्न अवार्ड, मधुपुरम अवार्ड, मधुपुरम सम्मान, गुरू बह्म अवार्ड तथा नृत्य माया अवार्ड प्राप्त कर चुके हैं। प्रतिमा डांस ग्रुप द्वारा समाज में व्याप्त दहेज की कुरितियों से संबंधित एक संगीतमय नृत्य नाटिका की प्रस्तुति दी गई। इस नृत्य नाटिका के माध्यम से दहेज प्रथा के खिलाफ संदेश दिया गया, जो बहुत ही आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया गया। समुदाय के कई कलाकारों द्वारा एकल विधा में उपशास्त्रीय नृत्य में प्रस्तुति दी गई। पिथौरा महासमुंद की चुरकी मुरकी डांस ग्रुप के कलाकारों ने अपने अंदाजों से सभी श्रोताओं का मन जीता। कार्यक्रम के दूसरे चरण में ट्रांसजेंडर युवाओं ने रैंप पर फैशन शो किया। ये सरोना स्थित गरिमा गृह के विद्यार्थी थे। उन्होंने छत्तीसगढ़ी, इंडियन थीम तथा इन्द्रघनुषी थीम पर रैंप पर माडलिंग किया। फैशन शो और नृत्य के दौरान दर्शकों ने समुदाय के व्यक्तियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में समुदाय के वरिष्ठ लोगों द्वारा सभी कलाकारों का श्रीफल, साल तथा प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में छत्तीसगढ़ मितवा संकल्प समिति के अध्यक्ष विद्या राजपूत ने कलाकारों, दर्शकों एवम संस्कृति एवम पुरातत्व विभाग, क्वीरगढ समूह, वॉक इन टॉक फूड कॉर्नर, अनंत प्रवाह कत्थक केन्द्र के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया जिनके सहयोग से यह कार्यक्रम संपन्न हो सका।

